दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।सोमवार 19 मई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 149 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










# संभल जामा मस्जिद सर्वे मामले में
# आज इलाहाबाद हाईकोर्ट सुनाएगा फैसला

## वादियों ने जामा मस्जिद को बताया था हरिहर मंदिर

## 19 नवंबर 2024 को दाखिल किया गया था मुकदमा



**संभल।** इलाहाबाद हाई कोर्ट संभल जामा मस्जिद सर्वे मामले में सोमवार को अपना फैसला सुनाएगी। हाईकोर्ट ने संभल की जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद पर मस्जिद कमेटी की ओर से दाखिल सिविल डिवीजन अलग पर बहस पूरी होने के बाद 13 मई को फैसला सुरक्षित कर लिया था। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच अब सोमवार को दोपहर दो बजे अपना फैसला सुनाएगी। इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले से अब यह तय होगा की संभल के जिला अदालत में जमा मस्जिद के सर्वे का केस चलेगा या नहीं।

इससे पहले पिछली सुनवाई यानी 28 अप्रैल को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एएसआई को 48 घंटे के अंदर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। संभल जामा मस्जिद के सर्वेक्षण आदेश के खिलाफ एएसआई ने पुनः निरीक्षण अर्जी दाखिल की थी।

सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता हरिशंकर जैन व सात अन्य ने सिविल जज सीनियर डिवीजन संभल की अदालत में एक मुकदमा दायर किया है जिसमें यह बताया गया मंदिर को नष्ट करने के बाद वहां पर मस्जिद बनाई गई। वादियों की ओर से इसे हरिहर मंदिर बताया जा रहा है। संभल की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करते हुए एएसआई के एडवोकेट कमिश्नर के साथ सर्वे का निर्देश दिया था। मुकदमे की पोषणीयता पर भी सवाल उठाए थे।

हाईकोर्ट ने संभल की दीवानी अदालत के समक्ष लंबित मूल मुकदमे की कार्रवाई पर 8 जनवरी 2025 को अंतरिम आदेश से रोक लगा दी थी।

जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुन निरीक्षण याचिका यानी रिवीजन पिटिशन पर हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग यानी एएसआई को दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। कोई दाखिला होने पर कोर्ट ने आगे का समय दिया था, यह पुन निरीक्षण याचिका सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद की गई जिसमें की संभल की दीवानी अदालत के समक्ष पूरी कार्रवाई के साथ मुकदमे की पोशाक्त को चुनौती दी गई।

याचिका में कहा गया कि मुकदमा 19 नवंबर 2024 की दोपहर में दाखिल किया गया था और कुछ ही घंटे के भीतर अदालत में एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया। साथ ही उसे मस्जिद में प्रारंभिक सर्वेक्षण का निर्देश दिया जो इस दिन यानी 19 नवंबर को और फिर 24 नवंबर 2024 को किया गया था।

## सेना ने ऑपरेशन सिंदूर का नया वीडियो किया जारी



**नई दिल्ली:** भारतीय सेना ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऑपरेशन सिंदूर का एक नया वीडियो जारी किया। सेना की पश्चिमी कमान ने पर एक वीडियो पोस्ट किया। सेना ने कहा, प्लान किया, ट्रेनिंग दी और पूरा किया। उन्होंने आगे कहा, इंसाफ हुआ। वीडियो में, एक सुरक्षाकर्मी को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान के लिए एक सबक था।

ऐसा सबक जो उसने दशकों से नहीं सीखा था। सेना के जवान ने कहा, इसकी शुरूआत पहलगाम आतंकी हमले से हुई। गुस्सा पिघले हुए लावा की तरह था। मन में बस एक ही विचार था - इस बार, हम ऐसा सबक सिखाएंगे कि उनकी पीढ़ियां याद रखेंगी। यह बदला लेने का काम नहीं था, यह न्याय था।

# भारतीय सियासत के अंतर्राष्ट्रीय फलक पर छा गए हैं सांसद अतुल गर्ग




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने भारतीय सियासत के अंतर्राष्ट्रीय आकाश में एक बड़ी ऊंचाई हासिल की है। ये उनकी कर्मठता है, ये उनकी योग्यता है और ये शीर्ष नेतृत्व का उनपर विश्वास है कि पार्टी उन्हें केवल राष्ट्रीय नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय जिम्मेदारियां दे रही है। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद बनने के अतुल गर्ग को चंडीगढ़ की जिम्मेदारी मिली। वो दिल्ली चुनाव में भाजपा के दिल्ली प्रदेश के सहचुनाव प्रभारी बनाए गए। वो भाजपा के सदस्यता अभियान में उस समिति के सदस्य बनें जिनमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के अतिरिक्त दो सदस्य और बनाए गए। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने अब भारतीय सियासत के अंतर्राष्ट्रीय फलक पर एक बड़ी पहचान बनाई है। ये गाजियाबाद के लिये भी गौरव का विषय है। अतुल गर्ग उत्तर प्रदेश के एकमात्र ऐसे सांसद हैं जो तीन देशों में जाएंगे और भारत का पक्ष रखेंगे। अतुल गर्ग संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और सीएरा लियोन की यात्रा करेंगे। अतुल गर्ग उस दल में चुने गए हैं जिसमें भारतीय सांसद तीन-तीन देशों में जाकर आतंकवाद को लेकर आतंकवाद के खिलाफ अपने देश का पक्ष रखेंगे। बड़ी बात ये है कि अतुल गर्ग उत्तर प्रदेश से एकमात्र सांसद चुने गए हैं, जिन्हें पार्टी ने ये सम्मान दिया है। पूरे देश से भाजपा के 20 सांसद चुने गए हैं और संयुक्त रूप से यह 52 सांसदों का दल है, जो तीन देशों की यात्रा करेगा। इनमें बिहार से तीन, उत्तर प्रदेश से एक सांसद है।

### 8 सांसद रखेंगे पक्ष

करंट क्राइम। जिन तीन देशों में गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग डेलीगेशन के रूप में वहां की संसद में अपना पक्ष रखेंगे। इस संसदीय दल में उनके साथ दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज भी शामिल हैं। इसके अलावा इस दल में शिवसेना सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे, आईयूएमएल के सांसद ईटी मोहम्मद बशीर, भाजपा सांसद अतुल गर्ग, बीजेडी सांसद ससमित पात्रा, भाजपा सांसद मनन कुमार मिश्रा, सांसद एसएस अहलूवालिया और सुजन चिनोय भी शामिल हैं। सांसद अतुल गर्ग ने ये एक बड़ी उपलब्धी हासिल की है।

### बड़ा सम्मान और 22 मई की रात को भरेंगे उड़ान

करंट क्राइम। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के लिये इस बड़े दल में शामिल होना एक बड़ा सम्मान है। इससे पहले वो राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के साथ विशेष प्रतिनिधिमंडल में तीन देशों की यात्रा पर जा चुके हैं। अब ये गाजियाबाद के लिये भी एक बड़ा सम्मान है कि उनके लोकसभा सांसद अतुल गर्ग उस दल में चुने गए हैं जिसमें पूरे देश से भाजपा के 20 सांसद लिये गये हैं। 300 सांसदों में से 20 सांसदों का चुना जाना और उसमें भी उत्तर प्रदेश से केवल गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का चुना जाना गाजियाबाद के लिये भी बड़ा सम्मान है। यह संसदीय दल 21-22 मई की रात को उड़ान भरेगा। संवभत: यह यात्रा आठ दिन की होगी। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, संसदीय कार्यमंत्री किरणा रिजीजू और केंद्र सरकार का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने राष्ट्र सर्वप्रथम के साथ हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने मुझे संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और सीएरा लियोन की यात्रा करने वाले विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनने की जिम्मेदारी सौंपी है। जब भारत की बात आती है तो राजनीति दलों के बीच कोई सीमा नहीं होती।

# बुलडोजर से भूमाफियाओं को दहलाने वाली गुंजा सिंह को मिला ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी में चार्ज

## शासन ने शामली से स्थानांतरण निरस्त करके भेजा गाजियाबाद से नोएडा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** यूं तो हर जनपद में आईएएस और पीसीएस अधिकारी होते हैं और सभी अपनी-अपनी कार्यशैली के साथ करते हैं। लेकिन कुछ अधिकारी ऐसे होते हैं जो निष्पक्षता, पारदर्शिता के साथ-साथ शासन की मंशा के अनुरूप इस तरह से अपने कार्यों को संपादित हैं कि वो अपनी कार्यशैली के चलते शासन की गुडबुक में आ जाते हैं। वो ऐसा फेस बनते हैं कि फिर उनके लिये नियम भी रिलेक्स होते हैं। एक ऐसी ही पीसीएस अधिकारी हैं गुंजा सिंह। गुंजा सिंह जीडीए में ओएसडी पद पर रहीं और उनके कामों की गूंज दूर तक सुनाई दी। वो लगभग जीडीए में तीन साल कार्यरत रहीं। जीडीए में ओएसडी पद पर कार्यरत रहते हुए गुंजा सिंह ने प्रवर्तन का चार्ज संभाला। इससे पहले वो जेवर में एसडीएम पद पर रहीं और उन्हें शामली में एडीएम वित्त व राजस्व बनाया गया। लेकिन बताते हैं कि इन अधिकारी की कार्यशैली की तारीफ शासन भी करता है और यही वजह रही कि उन्हें शामली से विशेष रूप से ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी में ओएसडी की जिम्मेदारी दी गई। ये एक तरह प्रमोशन पोस्टिंग है। गुंजा सिंह आज ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी में ओएसडी पद पर चार्ज संभालेंगी।

### गुंजा सिंह एक ऐसा फेस जिनके मुख्यमंत्री ने रूल किये रिलेक्स

**करंट क्राइम।** एक अधिकारी की कार्यशैली शासन को प्रभावित करती है। एक अधिकारी जब ईमानदारी, निष्पक्षता और शासन की मंशा के अनुरूप काम करता है तो फिर इससे फर्क नहीं पड़ता कि अधिकारी आईएएस है या पीसीएस। कहावत है कि काम बोलता है और पीसीएस अधिकारी गुंजा सिंह के मामले में यही हुआ। उन्हें 15 को जीडीए ओएसडी पद से एडीएम फाइनेंस शामली पद पर भेजा गया था, लेकिन 18 मई को ही जनहित में ग्रेटर नोएडा का विशेष कार्य अधिकारी बनाया गया और शामली में एडीएम पद पर किया गया तबादला निरस्त किया गया। बताया जात है कि यह एक स्पेशल केस है। क्योंकि नियम यह है कि एक अधिकारी को सात साल मंडल में रहना है और तीन साल से ज्यादा एक जिले में नहीं रहना है। लेकिन गुंजा सिंह के मामले में मुख्यमंत्री ने स्वयं इस नियम को रिलेक्स किया और उनकी तैनाती ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी में ओएसडी पद की गई।

### जेवर एयरपोर्ट से लेकर जीडीए तक कार्यशैली की गूंज

**करंट क्राइम।** गुंजा सिंह आखिर शासन के गुडबुक के अधिकारी क्यों है। इसके लिये बताया जाता है कि उन्होंने पहले भी ग्रेटर नोएडा में तब कमान संभाली थी जब जेवर एयरपोर्ट के लिये जमीन अधिग्रहण होनी थी। यहां उन्होंने एसडीएम रहते हुए मोर्चा संभाला था। गाजियाबाद में उनका जीडीए का गुडवर्क उन्हें शासन की गुडबुक में लेकर आया। जहां ओएसडी रहते हुए उन्होंने क्रॉसिंग और वेवसिटी के किसानों के लिये मामलों का निस्तारण किया। इसके अलावा उन्होंने अवैध कब्जों कॉलोनिया उनके टारगेट पर रही। शासन की मंशा के अनुरूप काम किया और किसी के दबाव में उन्होंने अपने कभी फैसले को नहीं बदला। जीडीए ओएसडी पद पर रहते हुए उन्होंने लोनी, भौपुरा में कई अवैध कॉलोनियां ध्वस्त की।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने की शहर विधायक संजीव शर्मा की प्रशंसा

## कहा- उनकी सक्रियता देखकर मुझे लगता है बहुत ही अच्छा





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधायक संजीव शर्मा इन दिनों एक्टिव नहीं बल्कि सुपर एक्टिव मोड में हैं। वो जन्मदिन में जा रहे हैं, वो शोकसभाओं में जा रहे हैं, वो दुकानों पर जा रहे हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि हर मुलाकात को वो फेसबुक पर बता रहे हैं। आखिर जनप्रतिनिधि तो और भी हैं लेकिन शहर विधायक इतनी स्पीड से क्यों दौड़ रहे हैं। उनके पार्टी के दूसरे जनप्रतिनिधि उनकी सक्रियता को लेकर क्या राय रखते हैं यह जानने के लिये करंट क्राइम ने साहिबाबाद विधायक और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से बात की।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि यह एक बहुत ही अच्छी बात है और मुझे उनका यह अंदाज बहुत ही अच्छा लगता है। वह एक विधायक के रूप में अपने विधानसभा क्षेत्र में जितना सक्रिय है, उसकी प्रशंसा की जानी चाहिए। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि एक विधायक की यह इच्छा होती है कि उसे आगे भी चुनाव लड़ने का मौका मिले और जब विधायक की ऐसी इच्छा हो तो उन्हें जनता के बीच जाना ही चाहिए। संजीव शर्मा जनता के बीच जा रहे हैं और सभी को उनकी तरह सक्रिय होना चाहिए।

# पामवेद फाउंडेशन के तत्वावधान में 10वां इंटरनेशनल पामिस्ट्री डे हर्षोल्लास के साथ संपन्न

## वैदिक परंपरा, पर्यावरण एवं परिवार की उपेक्षाओं के कारण ही सारा विश्व खो रहा सुख-शांति : डॉ. लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी








### 'सुखी परिवार' थीम के तहत आयोजित किया गया कार्यक्रम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पामवेद फाउंडेशन के तत्वावधान में नई दिल्ली के भारत मंडपम में 10वां इंटरनेशनल पामिस्ट्री डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर पामवेद फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं विश्व में हस्तरेखा विज्ञान दिवस के प्रथम प्रवर्तक डॉ. लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी ने जिज्ञासुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हस्तरेखा परामर्श के द्वारा लोगों की समृद्धि तो बढ़ी है लेकिन सुख-शान्ति बढ़ाने के लिए हमें काम करना होगा और लोगों को परिवार के साथ सामंजस्य बैठाना होगा।

इस कार्यक्रम की थीम 'सुखी परिवार' रखी गई। उन्होंने कहा कि वैदिक परंपरा, पर्यावरण एवं परिवार की उपेक्षा करने के कारण ही आज सारा विश्व अपनी सुख शांति खो रहा है।

### कानूनी प्रक्रिया में भी फिंगरप्रिंट का विश्वसनीय स्थान : न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल

**करंट क्राइम।** इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल जुडिशल मेंबर (एनजीटी) ने कहा कि भारत की लुप्तप्राय प्राचीन विद्याओं में हस्तरेखा विज्ञान के अध्ययन, शोध एवं संरक्षण के क्षेत्र में विगत 30 वर्षों से पामवेद फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा प्रयास प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा, आप सबकी तरह मेरी भी रुचि हाथ दिखाने में है और कानूनी प्रैक्टिस में भी हाथ के अंगूठे और फिंगरप्रिंट विशेष और विश्वसनीय स्थान रखते हैं। उन्होंने कहा, डॉ. लक्ष्मीकान्त त्रिपाठी के मार्गदर्शन में अनेक लोगों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव को देखकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।



### हाथ के पैटर्न कलर और काउंसलिंग का तरीका वैज्ञानिक : डॉ. शिल्पी भारती

**करंट क्राइम।** रक्षा मंत्रालय में वैज्ञानिक डॉ. शिल्पी भारती ने कहा, हाथ के पैटर्न कलर और काउंसलिंग का तरीका वैज्ञानिक है। मैं स्वयं पामवेद की सलाह लेती हूं और मुझे परिणाम मिल रहे हैं।

### अन्य वरिष्ठ लोगों ने भी अपने वक्तव्य में सहमति जताई

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर सौरभ चतुर्वेदी ने कहा कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं जो इस अद्भुत सम्मेलन में शामिल होने का अवसर मिला और मुझे अपने करियर में इनका महत्वपूर्ण मार्गदर्शन मिला है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अमिताभ अग्निहोत्री ने इंडियन फैमिली अ पिलर फॉर ग्लोबल पीस विषय पर बोलते हुए परिवार के महत्व को रेखांकित किया। साथ ही भारत के संस्कृत दर्शन में समाहित वसुधैव कुटुंबकम के विचार की बात कही। इस अवसर पर साहित्यकार अमरनाथ अमर, उद्यमी मनीष रिषी श्वर, चार्टर्ड अकाउंटेंट देवेंद्र कुमार कपूर, रि.कर्नल धीरेन्द्र गुप्ता एवं दीदी भाजनानंदी ने परिवार में आने वाले मॉडर्न डे चैलेंज पर व्याख्यान प्रस्तुत कर उपयोगी सुझाव सुझाए।

### इस मौके पर गणमान्य लोग मौजूद रहे

**करंट क्राइम।** इस अवसर पर शशि भूषण, वरिष्ठ पत्रकार विनोद अग्निहोत्री, दैनिक करंट क्राइम के प्रधान संपादक मनोज गुप्ता, अनिरुद्ध सिंह, संजय कुमार पांडे, त्रिलोक चंद भट्ट, नरेश अग्रवाल, ए.के. सिंह, हरि ओम, एवं मनीष गुप्ता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन रतिका मेहरा ने किया।

# गुलजार हाउस में लगी भीषण आग, अब तक 17 की मौत

## ऐतिहासिक इमारत चारमीनार के पास लगी आग, मरने वालों में बच्चे और महिलाएं शामिल

**हैदराबाद :** तेलंगाना की राजधानी से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां ऐतिहासिक चारमीनार के पास स्थित गुलजार हाउस में रविवार सुबह आग लग गई। इमारत में लगी इस भीषण आग की चपेट में आने से 17 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। घटना पर पीएम मोदी और मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने घटना पर शोक जताया है। वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिया कि इमारत में फंसे लोगों को बचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

**अब तक का सबसे बड़ा फायर हादसा :** जिस बिल्डिंग में आग लगी है, वह शहर की फेमस इमारत है। यह आग शहर के सबसे बड़े आग हादसों में से एक बन गई है। दस घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्हें डीआरडीओ हॉस्पिटल, उस्मानिया जनरल हॉस्पिटल और एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया है।

**ग्राउंड फ्लोर से लगी आग :** दमकल विभाग के अनुसार, आग सुबह 5.30 बजे लगी। उस समय ज्यादातर लोग सो रहे थे। आग इमारत के ग्राउंड फ्लोर से शुरू हुई। फिर धुआं तेजी से पूरी इमारत में फैल गया। इससे लोगों का दम घुट गया और उनकी मौत हो गई।

**मोती की दुकान से लगी आग :** केंद्रीय मंत्री और राज्य बीजेपी प्रमुख जी किशन रेड्डी ने बताया कि आग एक मोती की दुकान में लगी। दुकान एक परिवार की थी और उनका घर दुकान के ऊपर ही था। उन्होंने बताया कि






आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। उन्होंने कहा कि इस हादसे में कई लोगों की जान चली गई है। कुछ लोग घायल भी हुए हैं। मैं किसी पर आरोप नहीं लगा रहा हूं, लेकिन हैदराबाद तेजी से विकसित हो रहा है। इसलिए पुलिस, नगर निगम, दमकल और बिजली विभाग को मजबूत किया जाना चाहिए।

**दमकल की 11 गाड़ियों ने बुझाई आग :** दमकल विभाग ने आग बुझाने के लिए 11 गाड़ियां भेजीं। ये गाड़ियां लैंगर हौज, मुगलपुरा, गौलीगुड़ा, राजेंद्र नगर, गांधी आउटपोस्ट और सालारजंग संग्रहालय जैसे कई स्टेशनों से आई थीं। बचाव कार्य में दो बचाव टेंडर, एक ब्रोंटो स्काईलिफ्ट, तीन पानी के टैंकर और एक रोबोट भी शामिल थे। आग लगने के कारणों की जांच अभी भी जारी है।

**स्वास्थ्य विभाग की बनी टीम :** तेलंगाना के स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजानर सिम्हा के आदेश पर उस्मानिया जनरल अस्पताल में विशेष मेडिकल टीमें बनाई गई हैं।

ये टीमें आग दुर्घटना के पीड़ितों को 24 घंटे इलाज मुहैया कराएंगी। इन टीमों में प्लास्टिक सर्जरी, एनेस्थीसिया और जनरल सर्जरी जैसे विभागों के डॉक्टर शामिल हैं। वे हर समय इमरजेंसी मामलों को संभालने के लिए उपलब्ध रहेंगे। स्वास्थ्य सचिव क्रिस्टीना जेड. चोंगथू, चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. नरेंद्र कुमार, स्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवींद्र नायक और हैदराबाद उ्दल्ल्ड डॉ. वेंकट स्थिति पर नजर रख रहे हैं। वे सभी पीड़ितों को विशेष देखभाल सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

### पीएम मोदी ने जताया शोक



प्रधानमंत्री कार्यालय ने मृतकों के परिवारों को मुआवजा देने की घोषणा की है। पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, 'हैदराबाद, तेलंगाना में आग लगने से लोगों की जान जाने से दुखी हूं। जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना। घायल जल्द ठीक हों।' उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

# पार्षद मदन राय ने सुनी जनसमस्याएं

## बोले, बढ़ा हुआ हाउस टैक्स नहीं जमा करेंगे

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर वार्ड 86 के पार्षद मदन राय ने लोगों की समस्या सुनी लोगों ने बड़े हुए हाउस टैक्स को लेकर विरोध जताया। नगर निगम ने डीएम सर्कल रेट के हिसाब से हाउस टैक्स लगा दिया है। जैसे ही लोगों के पास बड़े हुए बिल पहुंच रहे हैं लोग परेशान हैं उनका कहना है कि पहले से तीन गुना ज्यादा हाउस टैक्स नगर निगम द्वारा भेजा जा रहा है, जिसका खुलकर विरोध शुरू हो गया है। रविवार को वार्ड 86 के पार्षद मदन राय ने एचआईजी 2 राजेंद्र नगर सेक्टर 5 बड़े हुए टैक्स का विरोध किया गया। और सभी आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी को आश्वासन दिलाया कि हम जनता के



साथ हैं, बड़े हुए टैक्स का खुलकर विरोध करेंगे। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष-जसविंदर सिंह का कहना है कि लोगों के बड़े हुए बिल आने से सभी परेशान है। रविवार को पार्षद के साथ मीटिंग की गई है, जिसमें एक ज्ञापन दिया गया है, कि हम बड़ा हुआ हाउस टैक्स जमा नहीं करेंगे। तीन गुना ज्यादा हाउस टैक्स नगर निगम ने बढ़कर भेजा है जिससे लोगों को उन्होंने कहा इसके लिए सड़क पर उतरना पड़े तो उतरेंगे। इस मौके पर सुमन शर्मा, एल. के. दुबे रितु सिंह, नर सिंह, सुधा नेहरा, ए.के. वर्मा, परवीन, रिंकू पूनम सिंह, लीना, श हरीश आदि लोग मौजूद रहे।

# सिन्दूर तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन, वीर जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

## महिलाएं राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं : मयंक गोयल






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा, गाजियाबाद द्वारा रविवार को 'सिन्दूर तिरंगा यात्रा' का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा बाला सुन्दरी देवी मंदिर, दिल्ली गेट से माँ काली की आरती के पश्चात प्रारंभ होकर रानी लक्ष्मी बाई स्मारक (रेलवे स्टेशन) तक पैदल रूप से सम्पन्न हुई।

इस विशेष आयोजन का उद्देश्य देश के वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करना एवं मातृशक्ति की राष्ट्रभक्ति को सशक्त स्वरूप देना था। यात्रा में महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने सिन्दूर और तिरंगे के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। बहनें सैनिक वेशभूषा में भारत माता का संदेश दे रही थीं, जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम कौशिक ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में मातृशक्ति की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि महिलाएं न केवल समाज की रीढ़ हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भी आधारशिला हैं।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, प्रदेश मंत्री रुचि गर्ग, रीटा सिंह, रनिता सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम कौशिक, संयोजक अनीता शर्मा, डॉ. ऋचा भदौरिया, सचिन डेढ़ा, संदीप चौधरी और मीडिया प्रभारी दीप्ति चौहान, पार्षद पूनम सिंह, रेनू चंदेला, पूर्व पार्षद लवली कौर, सिद्धि प्रधान अग्रवाल, सविता त्यागी सहित भारी संख्या में महिला शक्ति मौजूद रही।

# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से मिले अनाज मंडी के व्यापारी





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गोविंदपुरम अनाज मंडी के व्यापारियों ने रविवार की सुबह लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से मुलाकात की और उनके सामने अपनी समस्या रखी। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने व्यापारियों की बात सुनी और कहा कि यदि अपने सड़क पर अतिक्रमण नहीं किया है तो हम आपके साथ हैं हम अधिकारियों से बात करेंगे और समस्या का समाधान करेंगे। इस अवसर पर घंटाघर अनाज मंडी के प्रधान नरेश गर्ग, गोविंदपुरम अनाज मंडी के महामंत्री सुधीर गोयल मोनू, राजीव गर्ग कैशियर, रवि डब्बू विवेक मुख्य रूप से मौजूद थे।

# निगम की टीम पहुंची कैला भट्टा, लोग बोले पानी की नहीं है समस्या, हो रही है जलापूर्ति

## वार्ड 95 में मदरसे वाले 30 एचपी के नलकूप से हर घर पहुंच रहा है जल, विभाग ने किया सर्वे

### वार्ड 95 के खराब नलकूपों पर तत्काल हो कार्रवाई : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वार्ड संख्या 95 कैला भट्टा में जलापूर्ति को लेकर विशेष अभियान चलाया गया तथा सर्वे भी किया गया। जलकल विभाग की अवर अभियंता पूजा राय द्वारा वार्ड संख्या 95 में हर घर जाकर जलापूर्ति को सुनिश्चित किया तथा जो नलकूप सही प्रकार से चल रहे हैं उनको देखा गया तथा जो नलकूप बंद पड़े हैं आवश्यकता अनुसार उनका सही करने के लिए कार्यवाही प्रारंभ कराई गई। इसी सर्वे के चलते जानकारी दी गई कि पूरे कैला भट्टा, जस्सीपुरा व अन्य वार्ड 95 के क्षेत्र में सभी घर में जलापूर्ति हो रही है। कैला भट्टा गली नंबर 5 जलापूर्ति हो रही है। लालटेन फैक्ट्री रोड पर लगे नलकूप से जलापूर्ति हो रही है। मोहम्मद सुन्नी मस्जिद के पास लगे नलकूप से जल पूर्ति हो रही है। मुस्लिम फंड बैंक के पास लगे नलकूप से जलापूर्ति हो रही है। सरकारी





स्कूल के पीछे कॉलोनी में लगे नलकूप से जलापूर्ति हो रही है। मदरसा स्कूल 30 एच पी नलकूप लगा है जिससे जलापूर्ति हो रही है। गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग द्वारा सर्वे किया गया क्षेत्रवासियों ने वार्ड 95 में हो रही जलपूर्ति की पुष्टि की साथ ही लगातार इस व्यवस्था को बनाए रखने के लिए भी कहा गया। क्षेत्रीय पार्षद तथा अन्य क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी वार्ड 95 की समस्याएं नगर आयुक्त को बताएं जिसमें पी ए सी चौक, जनरल प्राइमरी पाठशाला, मुख्तार होटल, दूधेश्वर नाथ गेट नंबर 2, मुख्तार होटल के पास, कल्लूपुरा, तथा कालूपुर कुरैशी के मकान के पास बंद पड़े नलकूपों को भी चालू करने के लिए कहा गया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा महाप्रबंधक जल तथा अन्य जलकल विभाग की टीम को तत्काल कार्यवाही करते हुए आवश्यकता को देखते हुए नलकूप रिपोर्ट करने तथा मरम्मत करने के निर्देश दिए गए जिसकी रिपोर्ट एक सप्ताह में प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। जलकल विभाग द्वारा बताया गया कि क्षेत्रीय पार्षद द्वारा बताए गई समस्या का समाधान चल रहा है। एक सप्ताह में आवश्यकता को देखते हुए जलापूर्ति बढ़ाई जाएगी। कल्लपुर का मोटर सही कराया जा रहा तथा कालू कुरैशी के नलकूप को भी रिपोर्ट किया जा रहा है।

# आरकेजी ग्लोबल स्कूल में समर कैंप का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आरकेजी ग्लोबल स्कूल, राज नगर एक्सटेंशन, गाजियाबाद ने 18 से 24 मई तक स्कूल परिसर में समर कैंप का आयोजन किया। बड़े उत्साह के साथ, छात्रों ने एआई और रोबोटिक्स, कला और शिल्प, संगीत, नृत्य, वैदिक गणित, अंग्रेजी, फ्रेंच, योग, खेल - एथलेटिक्स, फुटबॉल, क्रिकेट, ट्रैक इवेंट, ताइक्वांडो और कई गतिविधियों में भाग लिया। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के नए आयामों का पता लगाने के लिए और अधिक गतिविधियां। ग्रीष्मकालीन शिविर की शुरुआत सम्मानित समूह निदेशक सत्येन्द्र कुमार और स्कूल प्रिंसिपल शिल्पाश्री टी.आर. और सभी विशेषज्ञों की उपस्थिति में रिबन काटने की रस्म के साथ हुई। समारोह में छात्रों को विभिन्न कौशल सीखने की शुभकामनाओं के साथ ग्रीष्मकालीन शिविर 25 की शुरुआत हुई, जो छात्रों के समग्र विकास में योगदान देगा।





# इसरो का मिशन नहीं हुआ सफल 101वीं लॉन्चिंग में आई खामी

**नई दिल्ली।** भारत का नया पृथ्वी को देखने वाला सैटेलाइट मिशन रविवार सुबह असफल हो गया। इसरो ने सुबह 5 :59 बजे श्रीहरिकोटा से ईओएस-09 नाम का सैटेलाइट पीएसएलवी-सी61 रॉकेट के जरिए लॉन्च किया। यह उपग्रह सूरज के साथ घूमने वाली खास कक्षा में भेजा जाना था, लेकिन तकनीकी गड़बड़ी के कारण यह मिशन पूरा नहीं हो सका।




इसरो ने बताया कि पीएसएलवी-सी61 रॉकेट के पहले और दूसरे चरण ने ठीक से काम किया, लेकिन तीसरे चरण में समस्या आने के कारण मिशन पूरा नहीं हो सका। इसरो ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, ह्नआज 101वां लॉन्च प्रयास किया गया, पीएसएलवी-सी61 का प्रदर्शन दूसरे चरण तक सामान्य रहा। लेकिन तीसरे चरण में कुछ तकनीकी समस्या के कारण मिशन सफल नहीं हो पाया ह्व

इसरो के चेयरमैन वी नारायणन ने कहा, ह्नपीएसएलवी एक चार-चरणीय रॉकेट है, जिसमें पहले दो चरणों ने अच्छा प्रदर्शन किया। तीसरा चरण चालू तो हुआ, लेकिन इसके दौरान आई समस्या के कारण मिशन विफल रहा ह्व उन्होंने आगे कहा कि अब इसरो पूरे मिशन की बारीकी से जांच करेगा।

**क्या है ईओएस-09 उपग्रह मिशन? :** ईओएस-09 एक उन्नत पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है, जिसमें सी-बैंड सिंथेटिक एपर्चर रडार तकनीक का उपयोग किया गया है। यह उपग्रह बादल, अंधेरा या खराब मौसम की परवाह किए बिना दिन-रात पृथ्वी की सतह की साफ तस्वीरें लेने में सक्षम है। इसकी मदद से भारत की निगरानी, पर्यावरण निगरानी और आपदा प्रबंधन क्षमताएं काफी मजबूत होतीं।

# औद्योगिक क्षेत्र में टूटी सड़कों पर जलभराव से हर कोई परेशान

## उद्यमी बोले, एसोसिएशन में 10 बार की शिकायत, कोई सुनवाई नहीं हुई

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइड 4 में टूटी सड़कें और जलभराव बड़ी समस्या है। उद्योगों में कच्चा और तैयार माल लाने-ले जाने वाले वाहनों और राहगीरों को गड्ढ़ों में भरे पानी से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया सवार कई लोग इसमें गिरकर घायल हो चुके हैं। औद्योगिक क्षेत्र साइड-4 बी 39 वाली सड़क पर अव्यवस्थाओं का बसेरा है। यहां जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से सड़कों में पानी भरा रहता है। दिन-रात औद्योगिक इकाइयों में काम करने वाले कई कामगार और राहगीर इन गड्ढों में गिरकर घायल हो चुके हैं। नाली टूटा है, जिससे ओवरफ्लो होने से आम दिनों में इसका गंदा पानी सड़कों पर भर जाता है। उद्यमियों के साथ यहां से गुजरने वाले लोग परेशान हैं। साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन से कई बार इसे बनवाने का मुद्दा उद्योग बंधु की बैठक में उठाया जा चुका, लेकिन कई साल से हालात जस के तस हैं। उन्होंने बताया संगठन वालों को कई बार इस संबंध में जानकारी दिए लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन का एक ग्रुप बना हुआ है, जिससे मैं लेफ्ट होगा, इसलिए लेफ्ट हुआ हूं क्योंकि जब कोई समस्या का समाधान नहीं है, ग्रुप में जुड़े रहने का कोई अर्थ नही है।



डीजीएम आरएस यादव का कहना है, कि ठेकेदार द्वारा इसका डीएमसी हो चुका है, जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। पास में ही दूसरी सड़क का कार्य चल रहा है, उसे सड़क का काम पूरा होते ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

### दो माह से खुदी सड़क, नहीं सुन रहा कोई : भारत भूषण



**करंट क्राइम।** उद्यमी -भारत भूषण ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र 4 के बी 39 वाली सड़क पिछले 2 माह से टूटी हुआ है। सड़क और नाली की समस्या को उद्योग बंधु की बैठक में हर बार उठाया जाता है, लेकिन विभाग इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा है। एक बारिश में हाल-बेहाल है। सरकार गड्ढामुक्त अभियान में औद्योगिक क्षेत्रों को भी शामिल किया जाना चाहिए। जिस ठेकेदार ने सड़क को खुदा है उसको कई बार फोन करने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिलता।

### 10 बार एसोसिएशन में शिकायत करने के बाद भी नहीं हो रहा सड़क निर्माण : हरीश मल्होत्रा



**करंट क्राइम।** उद्यमी हरीश मल्होत्रा ने बताया कि औद्योगिक इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की ओर से उद्योग बंधु की बैठक में सड़क, नाला, पेयजल की समस्याओं को रखा जाता है। इसमें संबंधित विभागों को इस संबंध में जिलाधिकारी की ओर से निर्देशित किया जाता है। अभी औद्योगिक क्षेत्रों की अधिकांश मांगों का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा मार्च के माह में इस सड़क को बनवाने के लिए ठेकेदार द्वारा खोदा गया था लेकिन अभी तक कोई भी काम नहीं हो रहा ट्रैफिक आने-जाने में भी बहुत परेशानी हो रही है। यदि किसी की एक गाड़ी माल भर्ती है तो दूसरी निकलती नहीं जिससे घंटा लोग इंतजार करते हैं।

### बोलता फोटो



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 87 में न्याय खंड-3 मकान नंबर 688 वाली लाइन में सड़क पर जमा सीवर का पानी व गंदगी का अंबार लगा हुआ है। यह तस्वीर नगर निगम के स्वच्छता अभियान की अनदेखी नजर आ रही है।

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक-073/निर्माण/2025-26 दिनांक- 17.05.2025

**ई-टेण्डर निविदा सूचना**

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य हेतु अति अल्पकालीन ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है, जिन्हे क्र.सं.-01 से 73 तक दिनांक 27.05.2025 को अपरान्ह: 3:00 बजे तक एवं क्र.सं.-74 से 142 तक दिनांक 07.06.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक वेबसाईड से डाउनलोड कर अपलोड करना आवश्यक होगा। प्राप्त निविदाओं को क्र.सं.-01 से 73 तक दिनांक 27.05.2025 को सायं 4:00 बजे से एवं क्र.सं.-73 से 142 तक दिनांक 07.06.2025 को दोपहर 1:00 बजे से खोला जायेगा। प्रत्येक निविदा हेतु उसके सम्मुख अंकित 03 प्रतिशत की धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क (नॉन रिफन्डेबिल) वेबसाईट **https://etender.up.nic.in** पर जमा करना अनिवार्य होगा।

ऐसे निविदादाता/फर्म जो नगर निगम गाजियाबाद में पंजीकृत नहीं है, के लिए शासनादेश संख्या-3890/नौ-5-19-149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 के आलोक में निविदादाता को चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, समान कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र तथा जी.एस.टी. नम्बर वेबसाइट पर आपलोड करना आवश्यक होगा।

विस्तृत निविदा सूचना/नियम व शर्ते **https://etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
गाजियाबाद नगर निगम

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 • नई दिल्ली। सोमवार 19 मई -2025
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# भारतीय युवाओं और नई पीढ़ी को रानी अहिल्याबाई होल्कर का इतिहास बताना आवश्यक : सत्येंद्र सिसोदिया

## महारानी अहिल्याबाई होल्कर को 10 दिन तक याद करेगी भाजपा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष में स्मृति अभियान-2025 का आयोजन किया जा रहा है। 10 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में कई तरीके के कार्यक्रमों और महत्वपूर्ण आयोजन किए जाएंगे। इसको लेकर रविवार को भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया और भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक कोयल ने कवि नगर रामलीला मैदान स्थित जानकी भवन सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया है कि 10 दिनों तक चलने वाले इस अभियान के तहत अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से लेकर उनके द्वारा किए गए समाज और वीरता के कार्यों को बताया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया है कि ना केवल मालवा की रानी के रूप में सुशासन दिया, बल्कि सैकड़ो मंदिरों का पुनर्निर्माण, धर्मशाला, कुंए, घाट, सराय बनवाकर भारत की संस्कृति को जीवित रखने का काम किया है। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने जानकारी देते हुए बताया है कि 19 और 20 मई को महिला सशक्तिकरण के लिए रन फॉर वूमेन एंपावरमेंट नामक दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिसमें इंटर कॉलेज और महाविद्यालय स्तर पर छात्राओं को बढ़-चढ़कर भाग लेना होगा। तो वहीं विजेताओं को महिला जनप्रतिनिधि द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसी के साथ 21 मई को निबंध प्रतियोगिता कराई जाएगी। जिसमें छात्र-छात्राएं उनके जीवन पर अपने विचार लिखेंगी। 21 और 22 मई को होने वाली जिला महानगर संगोष्ठी में महिला मोर्चा, शिक्षक, चिकित्सक, व्यापारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, प्रबुद्धजन, भाग लेंगी।

### रन फॉर वूमेन एंपावरमेंट से लेकर प्रबुद्धजनों को शामिल किया जाएगा




### घाट सज्जा, नदी आरती से लेकर महिलाओं को किया जाएगा सम्मानित

**करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा है कि 23 और 24 मई को घाट सजाएं जांएगे एवं आरती कार्यक्रम के अंतर्गत किसी भी प्राचीन शिव मंदिर या घाट पर उसके चित्रों में आरती कर धर्म गुरु द्वारा प्रेरणादायक संबोधन कराया जाएगा। 25 मई को प्रदर्शिन लगाई जाएगी। उसमें उनके जीवन के विभिन्न छवि और घटनाक्रम को प्रदर्शित किया जाएगा। तो 26 और 28 मई तक पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित होगा। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष, लोक सभा प्रमुख, ग्राम प्रधानों की भागीदारी रहेगी। वहीं 29 और 30 मई को महिला शक्तिकरण दो स्तर पर सम्मेलन होंगे। जिसमें नगर निकाय स्तर पर और नगर पालिका पंचायत पर इसमें कुल 3500 महिलाओं की भागीदारी होगी। तो वहीं प्रत्येक ब्लॉक पर 500 महिलाओं को अलग-अलग कार्यक्रम के जरिए जोड़ा जाएगा।

### 31 मई को होगी श्रद्धांजलि सभा

**करंट क्राइम :** इस संपूर्ण अभियान के समापन पर 31 मई को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होगा। जिसमें प्रमुख विश्वविद्यालय-महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा। इसमें राज्य एवं केंद्र सरकार के मंत्रीगण, सांसद, विधायकों और महापौर आदि की उपस्थिति होगी। वहीं कलाकारों द्वारा रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित नाटक और मंचन प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम का मकसद अहिल्याबाई के जीवन के अलग-अलग पहलुओं को जनता तक पहुंचना है।

### महानगर और जिला इकाई करेगी दर्जनों कार्यक्रम

**करंट क्राइम :** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा है कि अहिल्याबाई होल्कर के जीवन को लेकर महानगर और जिला इकाई अलग-अलग कार्यक्रम करेगी। इसके लिए महिला सशक्तिकरण, संस्कृति का संरक्षण का प्रतीक के रूप में उनको दशार्या जाएगा। इस पत्रकारवार्ता में जहां भाजपा प्रभारी मीडिया प्रदीप चौधरी, गौरव चोपड़ा और बॉबी त्यागी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गोली से हो रहा है पुलिस कमिश्नरेट में बदमाशों का इलाज

## 33 दिन में 14 बदमाशों का हुआ हाफ एनकाउंटर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में लगातार बदमाशों पर पुलिस की गोली चल रही है। लूट करने वाले बदमाशों से लेकर चोरी कर दहशत फैलाने वाले गिरोह पुलिस के निशाने पर आ रहे हैं। तो वहीं गौकशी और महिलाओं को निशाना बनाने वाले बदमाशों पर भी पुलिस की गोली जमकर चल रही है। नए कमिश्नर ने यहां 16 अप्रैल को चार्ज लिया था और बीते लगभग 33 दिनों के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी सर्किल ऐसे हैं और सभी जोन ऐसे हैं, जहां पुलिस ने बदमाशों को अपनी गोली का निशाना बनाया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि ट्रांस हिंडन जोन में जहां अब तक सर्वाधिक बदमाशों पर गोली दागी गई है। तो वहीं सिटी वाले और देहात वाले भी बराबर बराबर चल रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ का कहना है कि शासन की मंशा के अनुरूप जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है और बदमाशों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### नदिया पार से लेकर सिटी और देहात में बदमाश हो रहे हैं पुलिस की गोली का शिकार

### इंदिरापुरम से लेकर वेव सिटी सर्किल तक चल रही है गोली

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत सिटी, ट्रांस हिंडन और देहात का जोन आता है। बीते लगभग 33 दिनों के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का प्रत्येक जोन और प्रत्येक सर्किल ऐसे हैं, जहां पुलिस द्वारा बदमाशों पर गोली चलाई गई है, अगर ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत आने वाले सर्किलों की बात की जाए तो इंदिरापुरम में खोड़ा, कौशांबी- इंदिरापुरम थानाक्षेत्र के अलावा साहिबाबाद सर्किल में साहिबाबाद, लिंक रोड, शालीमार गार्डन सर्किल में टीलामोड़-शालीमार गार्डन थाने आते हैं। जहां बीते कुछ दिनों में ही पुलिस द्वारा गोली चलाई गई है। तो वहीं सिटी जोन के अंतर्गत थाना सिहानी गेट, नंदग्राम, विजय नगर पुलिस द्वारा बदमाशों का हाफ एनकाउंटर किया गया है। तो वहीं देहात जोन में वेव सिटी ,मुरादनगर, मोदीनगर सर्किल में भी पुलिस लगातार बदमाशों पर गोली वाला प्रहार कर रही है।

### बदमाशों पर लगातार कार्रवाई रहेगी जारी : पुलिस कमिश्नर



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ जहां बीट पुलिसिंग और सिटिजन चार्टर प्लान पर महत्वपूर्ण ढंग से काम कर रहे हैं। तो वहीं लगातार पुलिस के अधिकारियों और अधीनस्थों के साथ उनकी मीटिंगों का दौर जारी है। इसके साथ ही लूट, झपटमारी, चोरियां और जघन्य अपराध करने वाले बदमाशों पर अंकुश लगाने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति के तहत हाफ एनकाउंटर वाला फॉमूर्ला भी अपनाया हुआ है, जो अपराध नियंत्रण में सहायक सिद्ध हो रहा है। तो वहीं डीसीपी सिटी धवल जयसवाल, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल और डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी भी लगातार बदमाशों पर कार्रवाई करने के निर्देश जारी कर रहे हैं।

# कूल माइंड से गाजियाबाद पुलिस करेगी ट्रैफिक कंट्रोल

## एडीसीपी ट्रैफिक और एसीपी ने वितरित किए खास हेलमेट

### पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य को भी ठीक करेंगे एसी वाले हेलमेट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भीषण गर्मी में 10 घंटे से 12 घंटे के बीच चौराहों और प्रमुख रेड लाइट पर ड्यूटी देने वाले यातायात पुलिसकर्मियों को अब कूल माइंड से ड्यूटी करने के उद्देश्य से सरकार और यातायात पुलिस के अधिकारियों द्वारा खास एसी वाले हेलमेट विकसित किया जा रहे हैं। शनिवार को एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद और एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन ने मोहन नगर सहित कई इलाकों में लगभग 100 एसी वाले हेलमेट, ठंडे पानी की बोतल, धूप से बचाव वाले ट्रांसपेरेंट चश्में और अन्य राहत किट वितरित की हैं। यातायात पुलिस गाजियाबाद के अधिकारियों का कहना है कि इन दिनों गर्मी भीषण है। ऐसे में ट्रैफिक पुलिसकर्मी गर्मी से बेहाल हो जाते हैं।

उनकी तबीयत खराब होती है और ड्यूटी प्रभावित होती है। बीते दिनों लखनऊ स्तर से प्रत्येक प्रमुख शहरों में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को एसी वाले स्पेशल हेलमेट भेजे गए थे। जो गाजियाबाद में भी वितरित किया जा चुके हैं। इन हेलमेट के जरिए यातायात पुलिस के कर्मचारियों को गर्मी कम लगेगी साथ ही इसमें सेफ्टी ग्लास है, जो पुलिसकर्मियों को धूप से बचाने के लिए छाता और पानी की बोतल भी दी गई है।



### बैटरी से संचालित होते हैं एसी वाले कूल हेलमेट



करंट क्राइम : एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने जानकारी दी है कि शासन स्तर पर यातायात पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान परेशानी ना हो और वह अपना बेहतर प्रदर्शन दे सके ,इसके लिए उनको खास हेलमेट दिए गए हैं। इन हेलमेट की खासियत यह है कि ये हेलमेट बैटरी से चलने वाले मिनी फैन लगे हैं। जो सिर को ठंडा रखते हैं। लंबे समय तक धूप में ड्यूटी करने वाले जवानों को थकावट व गर्मी से राहत प्रदान करते हैं। पुलिसकर्मियों की आंखों को धूप से बचाने के लिए इसमें हार्ड प्लास्टिक शील्डयुक्त चश्मे भी लगे हुए हैं। टेम्प्रेचर कंट्रोल डिवाइस के साथ लीथियम आयन बैटरी व चार्जर दिया गया है। इससे पहले में हेलमेट को कई अन्य शहरों में भी दिया गया है वहां अच्छा फीडबैक मिला है।

### धूप और बारिश से भी बचाव करेगा खास हेलमेट

करंट क्राइम : एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन का कहना है कि पुलिस कर्मियों को जो ट्रैफिक कंट्रोल करने और उनकी सुरक्षा वह हिफाजत के लिए जो हेलमेट दिए गए हैं वह धूप के साथ यह हेलमेट बारिश से भी बचाएगा। फिलहाल इसे ट्रायल के रूप में देखा जा रहा है। बेहतर परिणाम मिलने पर सभी पुलिसकर्मियों को इसे वितरित किया जाएगा।

### इन स्थानों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी आएंगे एसी वाले हेलमेट के साथ नजर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के शहर और देहात जोन के साथ ही एक्सप्रेस-वे, हाईवे और अन्य स्थानों पर जहां पर यातायात बूथ नहीं है, वहां पुलिसकर्मी गर्मी में परेशान होते थे, बारिश होने पर दिक्कत पैदा होती थी। ऐसे में वेदांता, मॉडल टाउन, सेक्टर-62, गौड़ ग्रीन ,मीडिया हाउस, भोजपुर, हापुड़ चुंगी, अजनारा कट राज नगर एक्सटेंशन ,लाल कुआं और मोहन नगर आदि स्थानों पर नियुक्त होने वाले पुलिसकर्मियों को धूप और गर्मी से बचाव के लिए यह एसी वाले हेलमेट दिए गए हैं। साथ ही छाता, पानी की बोतल, सेफ्टी गिलास भी वितरित किए गए हैं। यातायात पुलिस के अधिकारियों का मानना है कि यह सुविधा मिलने से अब उनकी ड्यूटी और ज्यादा बेहतर होगी।

# एडीएम सिटी के तौर पर गंभीर सिंह गाजियाबाद में छोड़कर जा रहे हैं गंभीर छाप

## बनाए गए आजमगढ़ के अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में एडीएम सिटी पद पर तैनात रहे गंभीर सिंह का तबादला हो गया है। उन्हें आजमगढ़ में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पर भेजा गया है। गंभीर सिंह बेहद लोकप्रिय अधिकारियों में रहे। वो गाजियाबाद में एडीएम प्रशासन भी रहे। सामाजिक कार्यों में उनकी रूचि रही और शिक्षा को लेकर तो उनका समर्पण सभी जानते हैं। एडीएम सिटी पद पर रहते हुए भी वो हमेशा सभी से सौम्य व्यवहार के लिये जाने जाते थे। हमेशा चेहरे मुस्कान लेकर मिले और पूरे कार्यकाल में उनका किसी से कोई विवाद नहीं हुआ। गाजियाबाद में रहते हुए उन्होंने आईएमटी से एमबीए भी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया। गाजियाबाद में गंभीर सिंह की तैनाती एक समय सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर हुई थी। इस पर रहते हुए उन्होंने अपने कुशल एडमिनिस्ट्रेशन और व्यवहार से सबका ध्यान खींचा। उनकी गिनती ऐसे अधिकारियों में होती



थी जिनके दरवाजे जनता के लिए दोपहर 12 बजे के बाद भी खुलते थे। खासतौर पर वह गरीब बच्चों की शिक्षा को लेकर खासे चिंतित रहते थे। राइट टू एजुकेशन के अधिकार से उन्होंने कई गरीब परिवारों के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में एडमिशन दिलाया। कई बार ऐसा भी देखने को मिला कि गरीब मां-बाप जब उनके पास जब अपने बच्चों की फीस माफ कराने की गुहार लेकर पहुंचे तब उन्होंने अपनी जेब से ही बच्चों की फीस जमा कर दी। उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में जहां एक अच्छे प्रशासक की जिम्मेदारी संभाली। वहीं गाजियाबाद की सामाजिक एवं राजनीतिक सामंजस्य को भी बेहतर तरीके से साधा। जनता के बीच में उन्होंने अपनी एक लोकप्रियता भी दर्ज की। जिस दिन उनका बर्थडे था उस दिन उनको बधाई देने के लिए उनके कार्यालय से लेकर सोशल मीडिया तक बधाइयों का तांता लगा रहा। गंभीर सिंह की गिनती भी गाजियाबाद के उन चंद अधिकारियों में होगी जिन्हें ट्रांसफर के बाद क्षेत्र की जनता याद रखती है।

### विनय कुमार सिंह बने गाजियाबाद के एडीएम सिटी

**करंट क्राइम।** एडीएम सिटी गंभीर सिंह के तबादले के बाद उनके स्थान पर प्रयागराज के एडीएम वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह (द्वितीय) गाजियाबाद में एडीएम सिटी पद का चार्ज संभालेंगे। वह जल्द ही अपने पदभार को ग्रहण करने जा रहे हैं।

# देश की सेना में जातियां ढूंढ़ना उनके कृतित्व का अपमान है : बालेश्वर त्यागी



> राजनीति में शायद जातीयता आदमी से ज्यादा प्रासंगिक है, इसलिए धीरे-धीरे मैं बालेश्वर त्यागी के नाम से जाना जाने लगा।

> प्रशासनिक व्यवस्था में किसी अधिकारी, किसी मंत्री, किसी मुख्यमंत्री से ये अपेक्षा नहीं की जाती कि वे अपनी जाति के लिए पक्षपात करें। उन्हें अतिरिक्त लाभ दें। सरकारी व्यवस्था में एक डिस्क्रिप्शन की व्यवस्था भी होती है लेकिन जो अधिकारी या पदाधिकारी डिस्क्रिप्शन का लाभ भी बिना पक्षपात के देते हैं, वे अतिरिक्त सम्मान पाते हैं। वे दूसरों के लिए आदर्श बनते हैं। वे ही देश और समाज की प्रेरणा होते हैं।

> प्रतिभा किसी एक समाज या वर्ग तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह सभी के लिए सम्मान का विषय है। आगे चलकर सभी समाज सभी वर्ग के लोग उस प्रतिभा से लाभान्वित होंगे।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मैं अपने नाम के आगे त्यागी लिखता हूं। ये मेरी जातिवादी मानसिकता की द्योतक नहीं है। ये मेरी एक पहचान बन गई है ।सच बताऊं मेरा नाम मेरे पिता जी ने स्कूल में बालेश्वर दयाल लिखाया था ।मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्रों में यही नाम है। जब मैं राजनीति में सक्रिय हुआ तो एक पत्रकार जो बाद में मेरे अनन्य सहयोगी बन गए, वे अपने समाचार पत्र में, विज्ञप्तियों में मेरे नाम में दयाल के स्थान पर त्यागी लिखते थे। राजनीति में शायद जातीयता आदमी से ज्यादा प्रासंगिक है,इसलिए धीरे धीरे मै बालेश्वर त्यागी के नाम से जाना जाने लगा। वैसे मुझे भी इसमें कुछ अनुचित नहीं लगा क्योंकि ये असत्य नहीं था ।अब इसे छोड़ना मेरे लिए संभव नहीं है। मुझे जिस जाति में जन्म मिला इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं है। ये जाति अगड़ी है या पिछड़ी है, छोटी है या बड़ी है, ऊंची है या नीची है इसमें मेरा कोई योगदान नहीं है । मेरी जाति के लोगों ने किसी दूसरे जातियों पर अत्याचार किया या किसी दूसरी जाति का अत्याचार सहा इसमें भी मेरी कोई भूमिका नहीं है ।इसलिए जब मेरे जन्म से पूर्व के मेरी जाति के द्वारा किए गए अच्छे या बुरे कामों के लिए सम्मान या असम्मान झेलना पड़े तो अनुचित सा लगता है। जो मैने किया नहीं उसके लिए न मै पुरस्कार और न दंड का अधिकारी हूं। मेरा मूल्यांकन मेरे काम और मेरे व्यवहार पर होना चाहिए।

सामाजिक व्यवस्था में मेरे अधिकतर रिश्तेनातेदार उसी जाति के हैं। उनके साथ व्यवहार, उनका सहयोग, उनका स्वागत सत्कार, उनका उनकी कठिनाइयों में सहयोग एक सामान्य व्यवस्था है और अधिकतर मामलों में सभी जातियों में इस व्यवस्था का अभी तो प्रचलन है। मैं भी इस व्यवस्था के अनुसार ही बहुत से दायित्वों का निर्वाह करता हूं।

लेकिन जब इस व्यवस्था से बाहर निकल कर एक सामाजिक व्यवस्था में आते हैं या यों कहें प्रशासनिक व्यवस्था में आते हैं तब हमारे लिए सबसे बड़ा कंट्रोलर नियंत्रक न्याय और समानता है। सब को न्याय मिले, सबके साथ समानता का व्यवहार हो, किसी के साथ किसी भी आधार पर अन्याय नहीं होना चाहिए । ये प्रकृति की व्यवस्था भी है और हमारे संविधान की भी यही व्यवस्था है। जो इस व्यवस्था के विरुद्ध आचरण करते हैं, वह न केवल अवैधानिक है बल्कि अनैतिक भी है।

प्रशासनिक व्यवस्था में किसी अधिकारी, किसी मंत्री, किसी मुख्यमंत्री से ये अपेक्षा नहीं की जाती कि वे अपनी जाति के लिए पक्षपात करें। उन्हें अतिरिक्त लाभ दें। सरकारी व्यवस्था में एक डिस्क्रिशन की व्यवस्था भी होती है लेकिन जो अधिकारी या पदाधिकारी डिस्क्रिशन का लाभ भी बिना पक्षपात के देते हैं, वे अतिरिक्त सम्मान पाते हैं। वे दूसरों के लिए आदर्श बनते हैं ।वे ही देश और समाज की प्रेरणा होते हैं।

जब हम अपने को केंद्र में रखकर विचार करते हैं तो क्या हम पुस्तकालय और विद्यालय के लाभ को एक जाति विशेष तक सीमित कर सकते हैं? क्या कानून हमें इसकी इजाजत देता है? क्या ऐसा विचार भी अनैतिक नहीं है? समाज के जो लोग इन कार्यों के संचालन में अपना सहयोग देते हैं, वे भी पूरे मानव की सेवा तक इस व्यवस्था का विस्तार चाहते हैं। अर्थात समाज का बहुत बड़ा वर्ग चाहता है कि सारी व्यवस्थाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सभी को समान रूप से मिले। प्रकृति में भी ये व्यवस्था ही है। सूर्य से मिलने वाला प्रकाश और आकाश से मिलने वाला जल सबको समान रूप से मिलता है।

अगर कोई समाज किसी प्रतिभा को केवल इस आधार पर सम्मानित करते हैं तो सच में जाने अनजाने उस प्रतिभा का अवमूल्यन करते हैं। प्रतिभा किसी एक समाज या वर्ग तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह सभी के लिए सम्मान का विषय है। आगे चलकर सभी समाज सभी वर्ग के लोग उस प्रतिभा से लाभान्वित होंगे। मुझे सबसे खराब तब लगता है जब लोग चन्द्र शेखर आजाद को ब्राह्मण के रूप में देखते हैं। चंद्र शेखर आजाद का नाम लेकर न जाने कितनी जातियों और वर्ग के लोग अपनी शिराओं में लहू के प्रवाह को रवानी देते हैं, वे ब्राह्मण मां के पेट से पैदा हुए लेकिन वह सारे देश के लिए बलिदान दिया है। जन जन की स्वतंत्रता के लिए लड़े और बलिदान हुए। उन्हें ब्राह्मण कहना उनके बलिदान का अपमान है। ऐसे ही देश की सेना जिनके अप्रतिम पराक्रम के बल पर हम दुश्मन को धूल चटाने में सक्षम हैं, उनकी जातियां ढूंढना उनके कृतित्व का अपमान है। व्यक्ति का मूल्यांकन उसके विचार और कार्यों के आधार पर होना चाहिए। उसकी जाति, धर्म, क्षेत्र भाषा या वेशभूषा के आधार पर नहीं होना चाहिए।

> मुझे सबसे खराब तब लगता है जब लोग चन्द्रशेखर आजाद को ब्राह्मण के रूप में देखते हैं। चंद्रशेखर आजाद का नाम लेकर न जाने कितनी जातियों और वर्ग के लोग अपनी शिराओं में लहू के प्रवाह को रवानी देते हैं। वे ब्राह्मण मां के पेट से पैदा हुए लेकिन उन्होंने सारे देश के लिए बलिदान दिया है। जन-जन की स्वतंत्रता के लिए लड़े और बलिदान दिया। उन्हें ब्राह्मण कहना उनके बलिदान का अपमान है।

## संपादकीय

# चीन के मंसूबे

ऐसे वक्त में जब पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने ह्यऑपरेशन सिंदूर के जरिये पाक को सबक सिखाया है, चीन प्रत्यक्ष व परोक्ष तौर पर पाकिस्तान का समर्थन करता नजर आ रहा है। चीन-पाक की दुरभिसंधि दशकों पुरानी है लेकिन उसकी हालिया करतूतों की टाइमिंग को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वह न केवल पाकिस्तान की सैन्य व आर्थिक मदद ही कर रहा है बल्कि चीनी सरकारी मीडिया भी कुप्रचार व भ्रामक समाचार फैलाने में पाक के साथ खड़ा नजर आ रहा है। अब उसने अपनी नई करतूत अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलकर उजागर की है। हालांकि, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। लगातार तीसरे साल चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदला है। चीन अरुणाचल को जांगनान के नाम से दशार्ता है। वहीं इसे तिब्बत के दक्षिणी हिस्से के रूप में होने का दावा करता है। जैसा कि उम्मीद भी थी, भारत सरकार ने चीन के इन बेतुके दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। नई दिल्ली ने बीजिंग के इस बेतुके-निराधार दावे को सिरे से नकार दिया है। भारत सरकार ने फिर से दोहराया है कि ह्यअरुणाचल भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था और हमेशा रहेगा ह्न दरअसल, चिंता की बात यह है कि चीन ने यह करतूत ऐसे समय में की है जब पहलगाम हमले और उसके जवाब में सफल ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न के चलते भारत-पाक के बीच तनाव कायम है। निश्चय ही इन स्थितियों में चीन का यह भड़काऊ कदम है। यहां उल्लेखनीय है कि भारतीय उपमहाद्वीप में हाल ही में हुई उथल-पुथल के दौरान पाकिस्तान को उसके सदाबहार दोस्त बीजिंग का भरपूर समर्थन मिला है। जिससे पता चलता है कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाने तथा व्यापार-कारोबार बढ़ाने की बात करने वाला चीन भारत के प्रति कैसी दुर्भावना रखता है। भले ही वह वैश्विक संगठनों व मंचों पर भारत के साथ खड़ा होने का दावा करता हो। निस्संदेह, ऐसी घटनाएं हमें सतर्क करती हैं कि चीन के साथ मैत्री संबंधों के निर्धारण के दौरान हमें सजग व सचेत रहना चाहिए। अन्यथा चीन पीठ पर वार करने से नहीं चूकने वाला है। बीते वर्ष विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने व्यंग्यात्मक लहजे में एक सवाल पूछा था, ह्यअगर आज मैं आपके घर का नाम बदल दूं तो क्या वो मेरा हो जाएगा? लेकिन निर्विवाद रूप से चीन ने विदेश मंत्री के इस संदेश को नजरअंदाज ही किया है। इतना ही नहीं वह फिर से भौगोलिक क्षेत्रों के नामों के मनमाने मानकीकरण के साथ आगे बढ़ गया है। लेकिन सवाल इस करतूत के समय का है। जाहिर बात है कि बीजिंग ने ऐसा न केवल चुनौतीपूर्ण समय में भारत का ध्यान भटकाने के लिये किया है, बल्कि पाकिस्तान के साथ एकजुटता दिखाने के लिये भी किया है। उस पाकिस्तान को, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कड़ी चेतावनी दी थी। प्रधानमंत्री ने सिर्फ और सिर्फ पाकिस्तान द्वारा कब्जाए कश्मीर पर ही बातचीत करने की बात कही थी। ऐसे में चीन ने अरुणाचल पर अपने क्षेत्रीय दावे से फिर से पाकिस्तान का मनोबल बढ़ाने का कुत्सित प्रयास किया। यह जानते हुए भी उसके दावे निराधार हैं।

# '2029 तक देश की हर पंचायत में दो लाख पैक्स की स्थापना करेगी सरकार' : अमित शाह

**नई दिल्ली।** अमित शाह ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है। सहकारिता शब्द पूरे विश्व में आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना वर्ष 1900 में था।

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने रविवार को अहमदाबाद में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर आयोजित 'सहकारी महासम्मेलन' कहा कि केंद्र सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने के लिए कई अहम कदम उठाये हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि जल्द ही नए पैक्स के पंजीकरण के लिए नीति लाएगी।



केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार का लक्ष्य 2029 तक देश की हर पंचायत में पैक्स की स्थापना का है, इसके तहत दो लाख नई पैक्स और डेयरी शुरू की जाएंगी। साथ ही इन समितियों को 22 विभिन्न प्रकार के व्यवसायों से जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा, यह बात भी सुनिश्चित की जाएगी कि पंजीकृत पैक्स वित्तीय रूप से कमजोर न हों। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही आर्थिक संकट का सामना कर रही पैक्स के निपटारे और नई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के पंजीकरण के लिए जल्द ही एक नीति बनाएगी। सहकारिता मंत्री ने कहा, जब तक बदलाव का लाभ पैक्स और किसानों तक नहीं पहुंचेंगे, तब तक सहकारिता क्षेत्र मजबूत नहीं हो सकता।

शाह ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अवसर पर यहां 'विकसित भारत के निर्माण में सहकारिता की भूमिका' पर आयोजित सहकारी महासम्मेलन में कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तौर पर मनाने का निर्णय लिया है। सहकारिता शब्द पूरे विश्व में आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना वर्ष 1900 में था। शाह ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में 2021 से सहकारिता आंदोलन को पुनर्जीवित करने का एक बहुत बड़ा प्रयास हुआ। इसीलिए सहकारिता वर्ष की शुरूआत भारत में करने का निर्णय लिया गया।

केंद्र सरकार ने 22 विभिन्न प्रकार के व्यवसायों को पैक्स से जोड़ने का काम किया गया है। मुझे यकीन है कि आने वाले समय में एक भी पंजीकृत पैक्स वित्तीय रूप से बीमार नहीं होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डेयरी क्षेत्र में आइसक्रीम, चीज, पनीर बनाने, दूध को ठंडा रखने और वसा मापने जैसे उपकरणों के निर्माण के लिए सहकारी स्वामित्व वाली कंपनियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार डेयरी क्षेत्र में चक्रिय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की योजना बना रही है, जिसमें मरने वाले पशुओं की खाल, हड्डियों और सींगों के उपयोग के लिए सहकारी समिति का गठन किया जाएगा।

## महात्मा गांधी सीरीज के 20 रुपये के नए नोट जारी करेगा आरबीआई, गवर्नर संजय मल्होत्रा के होंगे हस्ताक्षर



नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक जल्द ही महात्मा गांधी सीरीज (नई) के 20 रुपये के बैंक नोट जारी करेगा। इन नोटों पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। इन नोटों का डिजाइन हर तरह से महात्मा गांधी सीरीज (नई) के 20 रुपये के बैंक नोटों जैसा होगा। आरबीआई ने बताया है कि केद्रीय बैंक की ओर से पूर्व में जारी किए गए 20 रुपये के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

## कुछ अमेरिकी गिद्ध ऋणदाताओं के लालच से बर्बाद हुआ शिक्षा मिशन, 100 करोड़ का लोन लेना बड़ी गलती

**नई दिल्ली।** भारत की एक समय की मशहूर एडटेक दिग्गज कंपनी बायजूस के संस्थापक बायजू रवींद्रन ने पहली बार कंपनी के तेजी से उत्थान और पतन के बारे में खुलकर बात की है। इसे वह भारत के लिए एक खोया हुआ अवसर कहते हैं। उनका सपना दस लाख शिक्षण नौकरियां पैदा करने का था, लेकिन यह मिशन अमेरिका में कुछ गिद्ध ऋणदाताओं के लालच के कारण पटरी से उतर गया। रवींद्रन ने एक समाचार एजेंसी के साथ मुलाकात में कहा, दो साल पहले हम हजारों करोड़ रुपये पर बैठे थे। उन्होंने रणनीतिक चूक को स्वीकार किया और मजबूत इक्विटी विकल्पों के बावजूद 100 करोड़ रुपये का टर्म लोन लेने के कंपनी के विकल्प ने अंतत: कंपनी को आक्रामक बाहरी दबावों के सामने उजागर कर दिया।

### हम जल्दी लौटेंगे, पुनर्निर्माण करेंगे

रवींद्रन ने कहा, मैं हार नहीं मान रहा हूं। जैसे ही हम नियंत्रण में आएंगे और नियंत्रण 100 प्रतिशत मेरे पास होगा, हम पुनर्निर्माण करेंगे। बायजू 3.0 हमारा मिशन है। मैं यह बताने की स्थिति में नहीं हूं कि वह क्या होगा। मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि इसे फिर से उसी मिशन पर बनाया जाएगा।

## अमेरिका से भेजे गए पैसे पर कर लगाने की योजना बना रहा ट्रंप प्रशासन

### भारतीय परिवारों की आय पर पड़ सकता है असर

**नई दिल्ली।** अमेरिक विदेशी नागरिकों द्वारा अपने देशों को भेजे गए पैसे पर 5 फीसदी कर लगाने की योजना बना रहा है। इससे भारतीय परिवारों की आय पर असर पड़ सकता है। जीटीआरआई ने कहा कि अगर यह कानून बनता है, तो भारत को हर साल अरबों डॉलर का नुकसान हो सकता है।

अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप सरकार उस पैसे पर पांच फीसदी कर लगाने की योजना बना रही है, जो विदेशी नागरिक अपने देशों में भेजते हैं। इस पर भारत में चिंता जताई जा रही है, क्योंकि इससे भारतीय परिवारों की आय पर असर पड सकता है। जीटीआरआई ने रविवार को यह बात कही। प्रतिनिधि सभा में 12 मई को एक विधेयक पेश किया गया था। जिसे 'द वन बिग ब्यूटीफुल बिल' कहा जा रहा है। इसमें गैर-निवासियों की ओर से अपने देशों में भेजे जा रहे पैसे पर पांच फीसदी कर लगाने का प्रावधान किया गया है। यह प्रावधान उन लोगों पर लागू होगा, जो अमेरिका के नागरिक नहीं हैं, जैसे ग्रीन कार्ड धारक या अस्थायी वीजा पर काम करने वाले लोग (जैसे ल-1इ या ल-2अ वीजा वाले)। यह कर अमेरिका के नागरिकों पर नहीं लगेगा।



ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि यह प्रस्तावित कर भारत में चिंता का कारण बन रहा है, क्योंकि अगर यह कानून बनता है, तो भारत को हर साल अमेरिका से मिलने वाली मुद्रा में अरबों डॉलर का नुकसान हो सकता है। इसने कहा, भारत के लिए यह अहम मामला है, क्योंकि देश को 2023-24 में 120 अरब डॉलर की रेमिटेंस हासिल हुई, जिसमें करीब 28 फीसदी अमेरिका से हासिल हुई।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, पांच फीसदी कर लगने से पैसे घर भेजने की लागत काफी बढ़ सकती है। रेमिटेंस में 10-15 फीसदी की कमी होने से भारत को हर साल 12-18 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस नुकसान से भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में अमेरिकी डॉलर की आपूर्ति कम हो जाएगी।

## रंग लाई भारत की कोशिशें, आईएमएफ ने पाकिस्तान पर 11 नए प्रतिबंध लगाए

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लगातार यह बात कह रहे थे कि आईएमएफ को पाकिस्तान को दिए जाने वाले कर्ज पर पुनर्विचार करना चाहिए, क्योंकि पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सहयोग की राशि को आतंकवाद को पालने-पोसने में इस्तेमाल करता रहा है। भारत के इस स्टैंड को एक मायने में सफलता मिलती हुई दिखाई दे रही है क्योंकि आईएमएफ ने पाकिस्तान को कर्ज देने के लिए 11 नए प्रतिबंधों का एलान कर दिया है। अब पाकिस्तान को घरेलू मोर्चे पर न केवल कुछ नए टैक्स लगाने होंगे, बल्कि उसके द्वारा दिए जा रहे सहयोग का विस्तृत लेखा-जोखा पेश करना होगा। इस कोशिश से आईएमएफ के द्वारा दिए गए धन का किसी भी तरह दुरुपयोग करने पर रोक लग सकती है। आईएमएफ के नए प्रतिबंधों में उसकी संसद द्वारा नए बजट की अनुशंसा पाना भी शामिल है। इसमें देश के अंदर किए जाने वाले खर्च का विस्तृत ब्योरा होगा और सरकार को इस बात को



विस्तार से बताना होगा कि वह किस मद में कितना धनराशि खर्च करने जा रही है। अनुमान है कि इससे आईएमएफ के द्वारा दिए जा रहे धन का विकासपरक कार्यों में खर्च किया जा सकेगा और बेहद तेज महंगाई से जूझती पाकिस्तान की जनता को कुछ राहत मिल सकेगी। अपनी इस कोशिश में भारत को सफलता भी मिली है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को कर्ज हासिल करने में जिन मुश्किल भरी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा है, भारत का प्रतिनिधिमंडल अपनी विदेश यात्रा में इसी बात का प्रयास कर सकता है कि विश्व समुदाय पाकिस्तान के इस आतंकवाद के समर्थक रूप को पहचाने। हालांकि, खबर है कि पाकिस्तान भी भारत की तर्ज पर दुनिया के तमाम देशों में अपने प्रतिनिधि मंडल भेजकर अपना पक्ष रखने की कोशिश करेगा। बिलावल भुट्टो इस अभियान के अगुवा हो सकते हैं। उसकी कोशिश पाकिस्तान को आतंकवाद पीड़ित देश दिखाने की हो सकती है।

### भारत लगातार कर रहा ये कोशिश

भारत ने अपने सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडल को विदेशों में भेजकर विश्व समुदाय का ध्यान आतंकवाद की मूल समस्या की तरफ लाने की योजना बनाई है। इसके लिए सांसदों के नाम और देशों की लिस्ट को भी अंतिम रूप दे दिया गया है। भारत पाकिस्तान को आतंकवाद को पालने वाले देश के रूप में चित्रित करता रहा है।

## कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा असर, रिपोर्ट में यह दावा



**नई दिल्ली।** वैश्विक अर्थव्यवस्था ट्रंप टैरिफ, भारत-पाकिस्तान तनाव, अमेरिका चीन टैरिफ मुद्दे पर पारस्परिक समझौता और यूक्रेन व रूस के शांति वार्तओं से जुड़ी खबरों की वजह से काफी अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है, यह स्थिति काफी अनिश्चितता पैदा कर रही है। जिसमें वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी की ओर बढ़ सकती है। हाल ही में क्रूड ऑयल यानी कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट देखने को मिली। वैश्विक अर्थव्यवस्था ट्रंप टैरिफ, भारत-पाकिस्तान तनाव, अमेरिका चीन टैरिफ मुद्दे पर पारस्परिक समझौता और यूक्रेन व रूस के शांति वार्तओं से जुड़ी खबरों की वजह से काफी अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। बाजार के विशेषज्ञों का कहना है, इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी की ओर भी बढ़ सकती है। हाल ही में क्रूड ऑयल यानी कच्चे तेल की कीमतों में भी गिरावट देखने को मिली। यह फिलहाल 63-64 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल की रेंज में कारोबार कर रहा है और मांग के कारण इसके आउटलुक दबाव में हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अंडे का पीला भाग उन खाने वाले पदार्थों में से एक है जो की विटामिन डी का प्राकृतिक स्रोत हैं।
- एक अंडे को प्रोड्यूस यानि उत्पन्न करने में मुर्गी को 24 से 26 घण्टों तक का समय लगता है, और जैसे-जैसे मुर्गी वयस्क होती जाती है, वह बड़े अंडे प्रोड्यूस करने लगती है।
- एक मुर्गी प्रतिदिन अंडे को लगभग 50 बार उलटती पुलटती है ताकि अंडे का अंदारूमी पीला भाग किनारों से चिपके न।
- वैसे आपने कई रंगों के अंडे देखे होंगे। नीले, हरे और भूरे रंग के अंडे सभी सफेद रंग के अंडे की तुलना में अधिक यूनिक और रोचक होते हैं, लेकिन सिर्फ सफेद रंग के अण्डों में बाकि रंगों की कमी है तो इसका मतलब यह नहीं की वे पोशाक तत्वों की कमी रखते हैं। अंडे के खोलों के रंगों में अंतर केवल आनुवंशिकी के कारण होता है।
- शुतुरमुर्ग के अंडे का ग्लोब, दुनिया का सबसे पुराना नक्शा हो सकता है, इस ऐग्ग ग्लोब पर साल 1504 की तारीख लिखी हुई है।
- साल 1912 में, तीन आदमी अंटार्कटिका से एम्परर पेंगुइन के अंडे को खोजने निकल पड़े। वहां इतनी ठण्ड थी की एक आदमी के दांत कटकताहट के साथ टूट कर बिखर गए थे।

## राशिफल

**मेष:** दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**वृष:** मेहनत सफल रहेगी। कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। ऐश्वर्य के साधन मिलेंगे।

**मिथुन:** पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बना रहेगा। नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे।

**कर्क:** यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम न उठाएं। प्रसन्नता रहेगी।

**सिंह:** फालतू खर्च होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों पर अतिविश्वास न करें। वस्तुएं संभालकर रखें।

**कन्या:** डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा।

**तुला:** घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। योजना फलीभूत होगी। नए अनुबंध होंगे, प्रयास करें। प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक:** राजकीय बाधा दूर होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता रहेगी। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें।

**धनु:** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। कुसंगति से हानि होगी। आय कम होगी।

**मकर:** राजकीय बाधा दूर होगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। चिंता रहेगी। प्रमाद न करें।

**कुंभ:** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। शत्रु परास्त होंगे। बेरोजगारी दूर होगी। यात्रा, नौकरी व निवेश लाभदायक रहेंगे।

**मीन:** यात्रा मनोरंजक रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

## चुटकुले

मम्मी मैं आज रात को सू-सू करने गया तो पता है क्या हुआ?
मम्मी- नहीं तो! क्या हुआ?
बच्चा- मैंने जैसे ही बाथरूम का दरवाजा खोला ना तो लाइट अपने आप चालू हो गई और ठंडी-
ठंडी हवा आने लगी।
उसकी बात सुनकर मम्मी गुस्से में बोली- तू आज फिर 'फ्रिज' में सू-सू कर आया।

---

दुकानदार- मैडम क्यों परेशान हो?
लड़की- मेरे मोबाइल में नेटवर्क नहीं आ रहा है देखना!
दुकानदार- मैडम यह तो खराब मौसम की वजह से है!
लड़की- यह लो 500 रुपये नया मौसम डाल दो ना।
दुकानदार बेहोश




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए हर हाल में लखनऊ को जीतना होगा मैच, हैदराबाद से सामना

**मुंबई।** आईपीएल 2025 का 61वां मुकाबला लखनऊ सुपर जाएंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। सोमवार को यह मुकाबला लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। करो या मरो मैच में जब लखनऊ की टीम हैदराबाद के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश बड़े अंतर से जीत हासिल कर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने की होगी।





### पंत करना चाहेंगे अच्छा प्रदर्शन

भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के कारण एक सप्ताह के निलंबन के बार फिर से शुरू हो रही इस लीग में एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत अब तक के बेहद निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोडकर बल्ले से भी लय हासिल करना चाहेंगे। पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और वह प्रतिष्ठा के लिए खेलेगी। लखनऊ सुपर जाएंट्स की टीम के नाम 11 मैचों में 10 अंक है लेकिन नेट रन रेट -0.469 है। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे अपने बचे हुए तीनों मैचों को बड़े अंतर से जीतना होगा।

पंत का नाम भारतीय टेस्ट टीम की उपकप्तानी के लिए चर्चा में है। आईपीएल एक अलग प्रारूप है, लेकिन वह इंग्लैंड दौरे की टीम और कप्तान तथा उपकप्तान जैसी बड़ी घोषणा से ठीक पहले कुछ अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। पंत के लिए यह मजबूरी वाला ब्रेक इससे बेहतर समय पर नहीं आ सकता था क्योंकि इससे इस खिलाड़ी को अपने खेल के विश्लेषण करने का अच्छा मौका मिला होगा। लखनऊ की टीम हालांकि अपने मुख्य बल्लेबाज निकोलस पूरन (410 रन) से भी एक बार फिर से अच्छा प्रदर्शन चाहेगी। वह शुरूआती पांच-छह मैचों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के बाद वह प्रभावित करने में नाकाम रहे। पूरन के अलावा टीम को अपने शीर्ष तीन क्रम में शामिल दक्षिण अफ्रीका के एडेन मारक्रम (348 रन) और मिचेल मार्श (378) से अच्छी शुरूआत की उम्मीद होगी।

मध्यक्रम में आयुष बडोनी (326 रन) के अलावा कोई भी बल्लेबाज प्रभावी खेल नहीं दिखा पाया है। डेविड मिलर अब तक सिर्फ 160 रन बना पाए हैं। रवि बिश्नोई बीच के ओवरों में विकेट चटकाने में नाकाम रहे हैं लेकिन दिग्वेश राठी ने अपने पहले सत्र में 12 लेकर प्रभावित किया है। चोटिल मयंक यादव की जगह न्यूजीलैंड के विलियम ओ राउरकी के टीम में आने से गेंदबाजी में पैनापन आयेगा। टीम हालांकि तेज गेंदबाजी में अनुभवी शारदुल ठाकुर, आवेश खान और आकाश दीप से बेहतर प्रदर्शन चाहेगी। पंजाब के लिए नियमित रूप से रणजी ट्रॉफी खेलने वाले अभिषेक शर्मा (311 रन) इंग्लैंड दौरे के लिए भारत ए की टीम से नजरअंदाज किए जाने से निराश होंगे।

### नीतीश कुमार रेड्डी और ईशान किशन पर रहेंगी नजरें

सनराइजर्स के कुछ खिलाड़ियों के लिए लय हासिल करने का एक अच्छा मौका होगा खासकर नीतीश कुमार रेड्डी और ईशान किशन जैसे खिलाड़ी भारत ए के इंग्लैंड दौरे से पहले कुछ उपयोगी पारियां खेलना चाहेंगे। लखनऊ की टीम के लिए मौजूदा सत्र में सबसे बड़ी निराशा कप्तान पंत का बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन है। पिछले साल आईपीएल नीलामी में 27 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बोली के बाद वह रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे हैं। उन्होंने इस सत्र के 11 मैचों में 100 से कम की स्ट्राइक-रेट और 12.80 की औसत से 128 रन ही बनाये है। यह इतना निराशाजनक है कि चीजों में यहां से सुधार की ही उम्मीद की जा सकती है।

# टेटे विश्व चैंपियनशिप में श्रीजा को मिली हार
## अन्य भारतीय खिलाड़ी जीत के साथ अगले दौर में



**नई दिल्ली।** भारत की नंबर एक खिलाड़ी श्रीजा अकुला पहले दौर में हारकर बाहर हो गईं, लेकिन दीया चिताले और मानुष शाह सहित देश के अन्य खिलाड़ी शनिवार को यहां टेबल टेनिस विश्व चैंपियनशिप में महिला और पुरुष एकल स्पधाओं के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रहे। युगल वर्ग में भी भारतीय जोड़ियां दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। मुखर्जी बहनों (अयहिका और सुतिर्था) के साथ दीया चिताले और यशस्विनी घोरपड़े की जोड़ी ने शनिवार को यहां टेबल टेनिस विश्व चैंपियनशिप में अपने-अपने महिला युगल के शुरूआती मैच जीत लिए।

मानव ठक्कर और मानुष शाह की पुरुष युगल भारतीय जोड़ी ने भी जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। अपने खेल में आमतौर पर बेहद कम गलतियां करने वाली अकुला थाईलैंड की सुथासिनी सावेत्ता से 1-4 (11-9 8-11 6-11 5-11 2-11) से हार गईं। यह भारतीय खिलाड़ी के लिए निराशाजनक प्रदर्शन रहा क्योंकि वह दुनिया की 84वें नंबर की खिलाड़ी से हारकर टूनार्मेंट के शुरूआती दौर से ही बाहर हो गयी।

श्रीजा पहला गेम जीतने के बाद अपनी लय गवां बैठीं और लगातार गलतियां करते हुए महज 33 मिनट में हार गईं। एशियाई खेलों की पदक विजेता अयहिका और सुतिर्था ने तुर्की की ओजगे यिलमाज और एसे हाराक की जोड़ी को पांच गेमों के रोमांचक मुकाबले में 3-2 (4-11 11-9 10-12 11-9 11-7) से हराया। इस परिणाम का मतलब है कि भारतीय जोड़ी ने छह मैचों की हार का सिलसिला खत्म करते हुए आईटीटीएफ विश्व चैम्पियनशिप के अगले दौर में प्रवेश किया।

दीया और यशस्विनी की दूसरी भारतीय महिला युगल जोड़ी भी उज्बेकिस्तान की मैग्डिवा और एकेर्बेवा की जोड़ी को 3-1 (9-11 11-2 11-9 11-8) से हराकर प्रतियोगिता के दूसरे दौर में पहुंच गई। ठक्कर और शाह की भारतीय जोड़ी ने मौजूदा सत्र में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए डेनी कोजुल और पीटर हरिबर की स्लोवेनिया की जोड़ी पर सीधे गेम में जीत हासिल की। उन्होंने 3-0 (11-7 11-8 11-6) से एकतरफा जीत दर्ज की। शाम के सत्र में शाह ने पुरुष एकल में अपना अभियान पुर्तगाल के टियागो अपोलोनिया पर 4-2 (11-6 2-11 11-7 11-6 5-11 11-6) से जीत के साथ शुरू किया। युवा खिलाड़ी दीया ने स्पेन की सोफिया-जुआन झांग पर सीधे गेम में 4-0 (11-4, 11-7, 11-3, 14-12) से जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया।

# क्या मेसी को भारत में खेलते देख पाएंगे फैंस?
## अर्जेंटीना टीम के दौरे पर केरल के खेल मंत्री का बयान

**केरल।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने भरोसा दिलाया कि दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेसी की अगुआई में अर्जेन्टीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सरकार की घोषणा के अनुसार राज्य का दौरा करेगी। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस शीर्ष फुटबॉल टीम को राज्य में लाना सरकार की नहीं बल्कि प्रायोजकों की जिम्मेदारी है।



### मीडिया रिपोर्ट्स में किया गया था यह दावा

केरल के खेल मंत्री की प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है जब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि अर्जेंटीना टीम ने केरल का अपना निर्धारित दौरा रद्द कर दिया है क्योंकि प्रायोजकों ने अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन किया है। इस पर मीडिया से बात करते हुए केरल के खेल मंत्री ने कहा कि कोच्चि स्थित रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी ने अर्जेंटीना टीम के साथ करार किया था और अनुबंध अभी बरकरार है।

### प्रायोजकों को लेकर केरल के खेल मंत्री का बयान

अब्दुरहीमान ने कहा कि प्रायोजकों ने आश्वासन दिया है कि वे बिना किसी देरी के इस संबंध में भुगतान संबंधी मसलों को जल्द ही सुलझा लेंगे। उन्होंने कहा, 'इसलिए अभी हम यह नहीं कह सकते कि मेसी और अर्जेंटीना की टीम केरल नहीं आएगी। हालांकि कुछ पहलुओं में कुछ देरी हुई है लेकिन फिलहाल कोई भ्रम नहीं है।'

### केरल के खेल मंत्री ने प्रायोजकों पर भरोसा जताया


प्रायोजकों पर भरोसा जताते हुए मंत्री ने कहा कि उन्हें सरकार से पूरा समर्थन मिल रहा है। खेल मंत्री ने आगे कहा कि सरकार को इस संबंध में प्रायोजकों पर निर्भर रहना पड़ता है क्योंकि वह अर्जेंटीना जैसी शीर्ष टीम को लाने का भारी-भरकम खर्च नहीं उठा सकती। अब्दुरहीमान ने कहा कि सरकार ने रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी सहित दो प्रायोजकों पर ध्यान केंद्रित किया था और आवश्यक मंजूरी प्राप्त करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को उनके विवरण प्रस्तुत किए थे। उन्होंने कहा, 'लेकिन पहला प्रायोजक आरबीआई के पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं कर सका। इसलिए रिपोर्टर के अनुरोध के अनुसार हमने उन्हें प्रायोजन का मौका दिया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए आरबीआई से आवश्यक मंजूरी मिल गई।'

# 'शुभमन गिल में एक बेहतरीन कप्तान बनने के सभी गुण...', दिल्ली के खिलाफ मैच से पहले बोले पार्थिव पटेल

**नई दिल्ली।** करीब 10 दिनों के अप्रत्याशित रुकावट के बाद आईपीएल 2025 की फिर से शुरूआत हो चुकी है। इसी कड़ी में आज डबल हेडर के दूसरे मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स का सामना गुजरात टाइटंस से अरुण जेटली स्टेडियम में होगा। इस मैच से पहले गुजरात टाइटंस के सहायक कोच पार्थिव पटेल ने कहा कि शुभमन गिल में एक बेहतरीन कप्तान बनने के सभी गुण हैं। पटेल ने कहा कि टीम के नेतृत्वकर्ता के रूप में उनकी मौजूदगी गुजरात टाइटंस के ड्रेसिंग रूम में आसानी से महसूस की जा सकती है।

पार्थिव ने यह बात भारत के नए टेस्ट कप्तान के चयन से कुछ दिन पहले कही। 25 साल के गिल 20 जून से शुरू हो रहे इंग्लैंड दौरे से पहले रोहित शर्मा की जगह भारतीय टेस्ट कप्तान बनने के सबसे मजबूत दावेदारों में से एक है। पटेल ने कहा, 'आप गुजरात टाइटंस के ड्रेसिंग रूम में कप्तान शुभमन गिल को महसूस कर सकते हैं। मैं भारतीय टीम की कप्तानी को लेकर हो रही बातचीत के बारे में निश्चित नहीं हूं और इस पर टिप्पणी नहीं कर सकता, लेकिन शुभमन ने टाइटंस के कप्तान के तौर पर शानदार प्रदर्शन किया है।'

उन्होंने कहा, 'वह शानदार रहे हैं। वह शानदार तरीके से समूह का नेतृत्व करते है। वह अभी शानदार बल्लेबाजी कर रहा है। उसने परिपक्वता से स्थिति को संभालने के साथ बहुत रन बनाए हैं। गिल मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह सक्रिय भूमिका निभाता है। वह युवा खिलाड़ियों के साथ बहुत समय बिताता है।'



गुजरात टाइटंस को प्लेऑफ से जोस बटलर की गैरमौजूदगी की कमी खलेगी जो राष्ट्रीय टीम की प्रतिबद्धता के कारण आईपीएल में नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा, 'हमारे लिए अभी यह अहम है कि वह पहले तीन मैचों के लिए है, और फिर हम देखेंगे कि टीम का संतुलन कैसा है और हम किस टीम संयोजन पर विचार कर रहे हैं।'

# प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी कोलकाता में हुई इस घातक स्पिनर की एंट्री; रोवमैन पॉवेल नहीं खेलेंगे

**नई दिल्ली।** गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने मध्य प्रदेश के मिस्ट्री स्पिनर शिवम शुक्ला को टीम में शामिल किया है। उन्हें वेस्टइंडीज के घातक ऑलराउंडर रोवमैन पॉवेल की जगह टीम में एंट्री मिली है। रविवार को फ्रेंचाइजी की तरफ से बताया गया कि पॉवेल और इंग्लैंड के मोईन अली स्वास्थ्य संबंधी समस्या के चलते सत्र से बाहर हो गए हैं। मध्य प्रदेश के शिवम शुक्ला ने घरेलू स्तर पर सिर्फ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का एक सत्र खेला है। उन्होंने हाल ही में मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग में सुर्खियां बटोरीं थीं, जहां वे टूनार्मेंट के शीर्ष विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे। 29 वर्षीय धीमी गति के गेंदबाज ने कुल 10 विकेट अपने नाम किए थे। इनमें एक पांच विकेट हॉल भी शामिल है।



### कोलकाता का सफर समाप्त

गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। शनिवार को खेला जाने वाला मैच बिना किसी नतीजे के रद्द हो गया। इस मैच में बारिश शुरू से ही बाधा बनी हुई थी, जिसकी वजह से टॉस भी नहीं हो पाया था। मुकाबला रद्द होने के बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिए गए। आरसीबी 17 अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गई जबकि केकेआर 12 अंकों के साथ छठे पायदान पर है। हालांकि, उसका सफर समाप्त हो गया। वहीं, आरसीबी की प्लेऑफ की उम्मीदें अभी जीवित हैं।

### प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली चौथी टीम बनी केकेआर

केकेआर आईपीएल 2025 से बाहर होने वाली चौथी टीम बन गई। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद (आठवें स्थान), राजस्थान रॉयल्स (नौवें स्थान) और चेन्नई सुपर किंग्स (10वें स्थान) का सफर समाप्त हुआ था। आरसीबी 12 मैचों में आठ मुकाबले जीतकर शीर्ष पर पहुंच गई है। उसने गुजरात टाइटंस को पीछे छोड़ दिया जिसके खाते में 16 अंक हैं। वहीं, पंजाब किंग्स 15 और मुंबई इंडियंस 14 अंकों के साथ क्रमशः तीसरे और चौथे पायदान पर है। दिल्ली की टीम 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है।

# दिल्ली का गुजरात से सामना, स्टार्क की अनुपस्थिति में कैपिटल्स को मुस्तफिजुर से उम्मीद





**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण अपने पिछले मैच के अचानक स्थगित होने का झटका झेलने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार को यहां आईपीएल तालिका में शीर्ष पर चल रहे गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश गेंदबाजी की चिंताओं को दूर करने और फिर से एकजुट होने की होगी जिससे कि प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवंत रख सके। दिल्ली ने अपने पिछले पांच मैच में तीन गंवाए हैं और एक मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा। स्टार्क की अनुपस्थिति में मुस्ताफिजुर रहमान से टीम को उम्मीदें होंगी।

जोस बटलर और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा गुजरात टीम से दोबारा जुड़ गए हैं। इंग्लैंड के बटलर हालांकि राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने के कारण चेन्नई के खिलाफ गुजरात के अंतिम लीग मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। शुभमन गिल, बी साई सुदर्शन और बटलर की मौजूदगी में टाइटंस का शीर्ष क्रम मजबूत है। ये सभी सत्र में 500 रन का आंकड़ा पार कर चुके हैं।

# इंग्लैंड दौरे के लिए ये होंगे भारत-ए टीम के कोच; सीनियर भारतीय टीम के एलान में हो सकती है देरी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऋषिकेश कानितकर को इंग्लैंड दौरे के लिए भारत ए टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। कानितकर अभिमन्यु ईश्वरन की अगुआई वाली टीम की देखरेख करेंगे। भारत-ए टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैच खेलेगी। इसके बाद एक मैच भारत की सीनियर टीम के खिलाफ भी खेलेगी, जो बाद में इंग्लैंड का दौरा करेगी।



कानितकर के अलावा असम के सुभोदीप घोष (फील्डिंग कोच) और ट्रॉय कूली (गेंदबाजी कोच) भी भारत-ए टीम के साथ इंग्लैंड का दौरा करेंगे। भारत की 18 सदस्यीय टीम के 25 या 26 मई को इंग्लैंड रवाना होने की उम्मीद है। भारत-ए और इंग्लैंड लायंस के बीच पहला चार दिवसीय मैच 30 मई से कैंटरबरी में खेला जाएगा। नॉर्थैम्पटन में छह जून से शुरू होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच के बाद भारत ए टीम बेकनहम में 13 से 16 जून तक भारत सीनियर टीम के खिलाफ इंट्रा-स्क्वॉड मैच खेलेगी। बीसीसीआई ने कहा है कि शुभमन गिल और साई सुदर्शन इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे मैच से पहले ए टीम से जुड़ जाएंगे। वहीं, क्रिकबज की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की सीनियर टीम का चयन मई के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा। इसका चयन शुरू में 23 मई को किया जाना था, लेकिन आईपीएल के स्थगित होने और फिर से शुरू होने के कारण, इसमें देरी होने की संभावना है। इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की सीनियर टीम 20 जून से हेडिंग्ले में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से लगभग दो सप्ताह पहले छह जून को रवाना होगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर के इंग्लैंड दौरे के लिए जल्दी रवाना होने की सूचना थी। हालांकि, अब क्रिकबज ने बताया है कि वह सामान्य कार्यक्रम के मुताबिक टीम के साथ यात्रा करेंगे। भारत को पांच टेस्ट मैच खेलने हैं, जिसके अगले चार मैच बर्मिंघम (दो जुलाई से), लॉर्ड्स (10 जुलाई से), मैनचेस्टर (23 जुलाई से) और द ओवल (31 जुलाई से) में खेले जाएंगे।

# कुश्ती: सब जूनियर में खेलेगी भाई-बहन की जोड़ी

**नई दिल्ली।** प्रादेशिक सब जूनियर अंडर-17 कुश्ती प्रतियोगिता में वाराणसी की 25 सदस्यीय टीम में भाई-बहन की जोड़ी खेलेगी। इसमें भोगाबीर निवासी कल्लू पहलवान कुश्ती घराने की पलक और करण यादव खेलेंगे। कोच रविंद्र मिश्र ने बताया कि दोनों तुलसी घाट के अखाड़ा स्वामीनाथ में रोज चार घंटे अभ्यास करते हैं।





करण बनारसी मुल्तानी और पलक का साल्तो दांव पसंदीदा है। इस दांव से दोनों खिलाड़ी मैच जीतते हैं। बताया कि कुश्ती दांव साधने के साथ तकनीक पर लगातार अभ्यास करने वाला खेला है। अब पहले के बजाय कुश्ती तेजी से खेली जाती है। पकड़ने और दांव लगाते ही रेफरी अंक दे देता है। खिलाड़ी दांव से अंक हासिल कर मैच जीतता है। खिलाड़ी को ब्लॉक करने या खेल धीमा करने पर पेनाल्टी लगती है। जूनियर बालक-बालिका प्रादेशिक कुश्ती 19 से 21 मई तक मुजफ्फरनगर में खेली जाएगी। सर्वाधिक तीन खिलाड़ी सिगरा और गया सेठ अखाड़े से हैं। फ्रीस्टाइल में गया सेठ अखाड़े के पवन यादव और बलराम यादव, कपिसा के अभिषेक यादव, अहरक के विवेक यादव, गौराकला के शिवम यादव, अखाड़ा स्वामीनाथ के करण यादव, नैपुरा के सौरभ यादव, बजरंग नगर के सतपाल यादव, बरेका के ऋषभ यादव जबकि बालक वर्ग के ग्रीको रोमन स्पर्धा में अजगरा के अजय वीर, सिगरा के प्रियांशु यादव, गया सेठ के आशीष मौर्य, सिगरा के अवधेश यादव, गया सेठ के हर्ष यादव, बरेका के विशाल यादव, बनियापुर के विकास, अजगरा के मेत्रेय यादव और सारनाथ के निशांत पाल खेलेंगे। बालिका वर्ग में सिगरा की रवीना, निवेदिता की आंचल यादव, अनु, नाह्ववी और पलक गया सेठ की रंजना यादव, सिगरा की जान्हवी भारद्वाज टीम में शामिल हैं।

### कुश्ती खिलाड़ियों का होगा सम्मान

जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति की ओर से कुश्ती खिलाड़ी प्रतिभा सम्मान समारोह 18 मई को सारनाथ के खाटू श्याम उपवन में होगा। इसमें कुश्ती के छह राष्ट्रीय पदक विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन सचिव वेद प्रकाश यादव (कुश्ती कोच साई) ने बताया कि कुश्ती को बढ़ाने के लिए इस विधा से जुड़े खिलाड़ियों का सम्मानित करने का फैसला किया गया है। इससे कुश्ती में नई प्रतिभा को निखारने का काम किया जाएगा। इसमें कुश्ती कोच, उस्ताद और खलीफा का भी सम्मान होगा। मुख्य अतिथि रामाश्रय पहलवान खिलाड़ियों को सम्मानित करने के साथ पुराने और आधुनिक कुश्ती की बारीकियां भी बताएंगे।

# करण को बनारसी मुल्तानी और पलक को साल्तो में महारथ

लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय पुमसे ताइक्वांडो में प्रतियोगिता में पलही पट्टी प्रेम नगर की यशिवनि सिंह ने आगरा की खिलाड़ी को मात देकर स्वर्ण पदक जीता। 17 से 18 मई तक प्रतियोगिता में जूनियर (14 से 17) आयु वर्ग में याशिवनि ने हिस्सा लिया था। अब तक प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में सात से आठ पदक और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तीन से चार स्वर्ण जीत चुकी हैं। जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि यशिवनि के अलावा प्रतियोगिता में तमन्ना प्रजापति, प्रशाद सैनी, विपिन, सूरज पाल और हिमांशु का चयन हुआ है। इन्होंने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई किया है। इसी महीने के अंत में देहरादून में प्रतियोगिता होगी।

यूपीएससी और सीएट कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में अंतर स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता गहनी के आयर बाजार के सीएट कॉलेज में खेली जाएगी। अंडर-15 फुटबॉल प्रतियोगिता नॉकआउट के आधार पर होगी। एक मैच तीस मिनट होगा। इसमें 13 टीमें खेलेंगी। यूपीएससी के सचिव सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता की विजेता, उप विजेता और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी 26 मई से आयोजित फुटबॉल शिविर में हिस्सा लेंगे।

आईएमएस बीएचयू न्यूरोलॉजी विभाग के चिकित्सक प्रो आरएन चौरसिया ने सर सुंदरलाल चिकित्सालय के महामना वेलनेस सेंटर में आयोजित खिलाड़ी सम्मान समारोह में कहा कि फिजिकल फिटनेस के साथ मेंटल फिटनेस बरकरार रखने के लिए खेल महत्वपूर्ण है। स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। सेंटर में नियमित अभ्यास करने वाले चिकित्सा क्षेत्र से संबंधित पेशेवर ने नाइन एकेडमी की ओर से आयोजित कराटे बेल्ट टेस्ट परीक्षा उत्तीर्ण की है। वेलनेस सेंटर इंचार्ज प्रो. अमित नंदनधर द्विवेदी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस परीक्षा में सुषमा वर्मा जी ने ब्लैक बेल्ट सेकंड डैन, ऋचा सिंह ब्राउन बेल्ट, लक्ष्मी पाठक ब्राउन बेल्ट, डॉ. प्रखर जायसवाल ब्राउन बेल्ट, डॉ. शिवांगी गुप्ता ने ब्राउन बेल्ट की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

आईएमएस बीएचयू न्यूरोलॉजी विभाग के चिकित्सक प्रो आरएन चौरसिया ने सर सुंदरलाल चिकित्सालय के महामना वेलनेस सेंटर में आयोजित खिलाड़ी सम्मान समारोह में कहा कि फिजिकल फिटनेस के साथ मेंटल फिटनेस बरकरार रखने के लिए खेल महत्वपूर्ण है। स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। सेंटर में नियमित अभ्यास करने वाले चिकित्सा क्षेत्र से संबंधित पेशेवर ने नाइन एकेडमी की ओर से आयोजित कराटे बेल्ट टेस्ट परीक्षा उत्तीर्ण की है। वेलनेस सेंटर इंचार्ज प्रो. अमित नंदनधर द्विवेदी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस परीक्षा में सुषमा वर्मा जी ने ब्लैक बेल्ट सेकंड डैन, ऋचा सिंह ब्राउन बेल्ट, लक्ष्मी पाठक ब्राउन बेल्ट, डॉ. प्रखर जायसवाल ब्राउन बेल्ट, डॉ. शिवांगी गुप्ता ने ब्राउन बेल्ट की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

# साहिबाबाद विधानसभा में 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' का ऐतिहासिक आयोजन

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही मुख्य आकर्षण

साहिबाबाद, करंट क्राइम। साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत 'भारत शौर्य तिरंगा यात्रा' का भव्य आयोजन किया गया। यह यात्रा शालीमार गार्डन स्थित मंगल पांडेय चौक से आरंभ होकर भारत माता चौक तक गई। इस ऐतिहासिक यात्रा के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा रहे।

यात्रा का नेतृत्व महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने किया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सचिन डेढ़ा जी (महानगर संयोजक) रहे। साथ ही संदीप चौधरी एवं आशीष चौधरी (दोनों विधानसभा सह-संयोजक) ने यात्रा की सफलता में सक्रिय भूमिका निभाई। यात्रा में सम्मानित मंडल अध्यक्ष गण, पार्षद गण, मोर्चों प्रकोष्ठों, महानगर पदाधिकारियों के साथ देव तुल्य कार्यकर्ता गण एवं भारी संख्या में स्थानीय नागरिक भी शामिल रहे।











### राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रत्यक्ष प्रमाण है भारत शौर्य तिरंगा यात्रा : सुनील शर्मा

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा, भारत शौर्य तिरंगा यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह भारत माता के सम्मान और हमारी राष्ट्रभक्ति की भावना का प्रत्यक्ष प्रमाण है। साहिबाबाद की धरती से निकली यह प्रेरणादायक यात्रा देश के कोने-कोने में राष्ट्र प्रेम की चेतना को और सशक्त करेगी।

### तिरंगे के साए में साहिबाबाद : मयंक गोयल

करंट क्राइम। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा, तिरंगे के साए में साहिबाबाद की जनता ने एकजुट होकर जो संकल्प और अनुशासन दिखाया है, वह गर्व का विषय है। मैं उन सभी कार्यकर्ताओं, पार्षदगण, संयोजकों व नागरिकों का आभार प्रकट करता हूं, जिनकी सहभागिता से यह यात्रा सफल व ऐतिहासिक बनी।

# पं. मनोज शर्मा राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ के गाजियाबाद जिलाध्यक्ष मनोनीत किए गए



गाजियाबाद, करंट क्राइम। राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ द्वारा समाज की भलाई के लिए हर समय प्रयास रत रहने वाले गांव ढिंडार निवासी पंडित मनोज शर्मा को रविवार को जिला अध्यक्ष गाजियाबाद मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा ने कहा कि मुझे आशा और विश्वास है पंडित मनोज शर्मा अनुशासन का पालन करते हुए संगठन को मजबूत करने में और समाज की भलाई के लिए बढ़ चढ़कर कार्य करेंगे।

# पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान- 2025

## आयोजन 21 से 31 मई तक भव्य रूप में किया जाएगा



गाजियाबाद, करंट क्राइम। भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद महानगर द्वारा पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 'स्मृति अभियान - 2025' का आयोजन 21 से 31 मई 2025 तक भव्य रूप में किया जा रहा है। इस क्रम में कविनगर रामलीला मैदान स्थित जानकी सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र शिशौदिया ने कहा, यह हम सबका सौभाग्य है कि पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी वर्ष ऐसे समय आ रही है जब देश और उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार है, जो सनातन मूल्यों, राष्ट्रवाद, संस्कृति और नारी शक्ति के संरक्षण व उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है। अहिल्याबाई होलकर का संपूर्ण जीवन त्याग, न्याय, धर्म और सेवा का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने न केवल मालवा की रानी के रूप में सुशासन दिया, बल्कि सैकड़ों मंदिरों का पुनर्निर्माण, धर्मशालाएं, कुएं, घाट और सराय बनवाकर भारत की सांस्कृतिक आत्मा को जीवित रखा। भाजपा कार्यकर्ता इस त्रिशताब्दी वर्ष को केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक अभियान मानकर जन-जन तक उनकी प्रेरणा को पहुंचाएंगे। अभियान की शुरूआत 19 मई को जिला बैठक एवं प्रेस वार्ता से की गई, जिसमें कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस संपूर्ण अभियान का समापन 31 मई को श्रद्धांजलि समारोह के रूप में किसी प्रमुख विश्वविद्यालय या महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा, जिसमें राज्य व केंद्र सरकार के मंत्रीगण, सांसद, विधायक, महापौर आदि की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

### अहिल्याबाई होलकर का संपूर्ण जीवन त्याग, न्याय, धर्म और सेवा का अद्वितीय उदाहरण : सतेन्द्र शिशौदिया

करंट क्राइम। शिशौदिया ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल महारानी के जीवन का स्मरण नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को आज की पीढ़ी में स्थानांतरित करना है।

### अहिल्याबाई होलकर का जीवन महिला सशक्तिकरण और सनातन संस्कृति के संरक्षण का प्रतीक : मयंक गोयल

करंट क्राइम। इस दौरान महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने भी कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर का जीवन महिला सशक्तिकरण और सनातन संस्कृति के संरक्षण का प्रतीक है।

# जीडीए का डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक सशक्त कदम

## पहल : एक नया अनुभव एक नई शुरुआत

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक सशक्त कदम 'पहल' (पब्लिक एक्सेस फॉर हाउसिंग एंड प्रोपर्टी अलॉटमेंट लॉगिन) के रूप में उठाया गया है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण राज्य का एकमात्र प्राधिकरण है जिसने यह आधुनिक और नागरिक केंद्रित पोर्टल लॉन्च किया है। जो 140000 से अधिक आवंटियों के लिए एक नई सुविधा है। पहल एक सिंगल विंडो सिस्टम है जो आवंटियों को सभी सेवाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराता है जो तेज, पारदर्शी और पूरी तरह डिजिटल है। अब संपत्ति का बकाया भुगतान हो, लेजर रिपोर्ट देखनी हो या किस्तों का पुनर निर्धारण हो, सब कुछ संभव है बस एक क्लिक में।

### 'पहल' जिस पर मिलेंगी जीडीए आवंटियों को सभी प्रोपर्टी से जुड़ी सेवाएं एक ही पोर्टल पर

'पहल : एक नया अनुभव एक नई शुरूआत' एक स्मार्ट गाजियाबाद की ओर प्राधिकरण द्वारा इस पोर्टल के माध्यम से नागरिकों के लिए एक क्लिक पर संपत्ति से जुड़ी सभी सुविधाएं घर बैठे उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिए जीडीए के जनसंपर्क कार्यालय पर एक अलग 'पहल काउंटर' बनाया गया है, जहाँ इस पोर्टल से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

### प्रदेश का एकमात्र ऐसा प्राधिकरण जो लेकर आया है यह क्रांतिकारी डिजिटल सेवा 'पहल'

**पहल की आवश्यकता :** प्राधिकरण में पूर्व से प्रचलित सम्पत्ति प्रबन्धन व्यवस्था के अन्तर्गत आवंटियों को आवंटन पत्र, भुगतान विवरण पत्र, बन्धक अनुमति पत्र, लेखा गणना की जांच की कार्यवाही मैन्युअली की जा रही है, जिसके कारण आवंटियों को जो सुविधाऐं त्वरित प्रदान होनी चाहिए, उनकी पूर्ति करने में अत्यन्त समय लगता है तथा समस्त कार्यवाही मैन्युअली किये जाने के कारण त्रुटियों की सम्भावना भी अधिक रहती है। पहल पोर्टल के माध्यम से इन समस्त कठिनाइयों का समाधान करते हुए घर बैठे जन सामान्य को निम्न सुविधाएं दी जा सकता है :— आवंटन पत्र प्राप्त करना।— देय किश्त की जानकारी प्राप्त करना।— देय किश्त की धनराशि जमा करना।— बन्धक अनुमति पत्र प्राप्त करना।— आवन्टी द्वारा आवेदन करने पर प्राधिकरण स्तर से नाम, पता व अन्य में हुई त्रुटि का सुधार करना।— नामान्तरण के लिए आवेदन करने हेतु जनहित लिंक प्रदान करना।— धनराशि रिफण्ड के लिए आवेदन करने हेतु जनहित लिंक प्रदान करना।

# हिंदू इकोनॉमिक फोरम, गाजियाबाद चैप्टर की विधिवत शुरुआत

## संजीव सचदेव अध्यक्ष और अतुल जैन उपाध्यक्ष घोषित किए गए



गाजियाबाद, करंट क्राइम। समरकूल की मेरठ रोड गाजियाबाद स्थित फैक्ट्री के प्रांगण में बैठक आयोजित करके शनिवार को हिंदू इकोनॉमिक फोरम, गाजियाबाद की औपचारिक शुरुआत की गई। जिसमें संजीव सचदेव को अध्यक्ष, अतुल जैन को उपाध्यक्ष, संजीव अरोड़ा को महासचिव और अनिल तनेजा को वित्त सचिव घोषित किया गया। बृजेश अग्रवाल, उपेन्द्र गोयल संरक्षक एवं समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता चेयरमैन घोषित किए गए। कार्यक्रम में हिंदू धर्म और संस्कृति पर चारों तरफ से हो रहे हमलों से जागरूक रहने और हिन्दू व्यापारी, हिंदू उद्यमी और हिंदुओं को अपनी एकता द्वारा देश और धर्म की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया गया। उपस्थित बुद्धिजीवियों ने अपनी लाखों वर्ष पुरानी महान संस्कृति के लिए गर्वित महसूस करने के महत्व को भी विशेष रूप से रखा। कार्यक्रम में उपस्थित व्यक्तियों ने एक स्वर से ना केवल तुर्किये और अजरबेजान के बायकॉट का प्रण लिया गया बल्कि बांग्लादेश में हजारों हिंदुओं की निर्मम हत्या करने वाले और पहलगांव में धर्म पूछकर हत्या करने वाले विधर्मियों के आर्थिक बहिष्कार के प्रयासों पर भी बल दिया। कार्यक्रम का संचालन संजीव सचदेव द्वारा और मुख्य विषय उपेंद्र गोयल द्वारा रखा गया। कार्यक्रम में नगर के प्रमुख उद्यमियों, व्यापारियों और समाजसेवियों ने सहभागिता करी। अतिथियों का स्वागत मेजबान समरकूल वाले संजीव कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। अंत में उन्होंने सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए उन्हें जलपान के लिए आमंत्रित किया।



# प्राकृतिक चिकित्सा आधारित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने लिया लाभ

गाजियाबाद, करंट क्राइम। सुभारती योगा एवं नेचुरोपैथी संस्थान द्वारा रविवार को करणी सेना गाज़ियाबाद एवं नटखट द प्ले स्कूल के संयुक्त सहयोग से आदित्य लक्जुरिया एस्टेट, गाज़ियाबाद में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं प्राथमिक उपचार शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों जरूरतमंद नागरिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच करवाई और निःशुल्क उपचार का लाभ प्राप्त किया। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ज्योति मधुर ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 100 से अधिक लोगों ने परामर्श व उपचार प्राप्त किया। इस अवसर पर एमडी नेचुरोपैथी से डॉ. बालकृष्ण शास्त्री ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग आज की गंभीर से गंभीर बीमारियों के उपचार में अत्यंत प्रभावी एवं सुरक्षित पद्धति बनती जा रही है। साथ ही एमडी न्यूट्रीशन से डॉ. विकास यादव और एमडी योग से डॉ. अफशीन ने उपस्थित लोगों को आहार एवं जीवनशैली से संबंधित उपयोगी जानकारी प्रदान की। शिविर में बीएनवाईएस इंटर्न डॉ. नवीन वागद्रे, डॉ. प्रीति जायसवाल, डॉ. प्रिया सुमन, डॉ. सलोनी सहित नेचुरोपैथी कॉलेज के छात्र-छात्राएं भी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और शिविर संचालन में सहयोग प्रदान किया।





कार्यक्रम में करणी सेना के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी भी सम्मिलित हुए, जिनमें प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष विवेक तोमर, प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र चौहान, महिला शक्ति प्रदेश अध्यक्ष रीना चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुष्पा तोमर, ज़िला अध्यक्ष मोहित राज, महिला शक्ति ज़िला अध्यक्ष नीता सिंह, ज़िला मंत्री अंकुर सेठ एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।




# अब जोन वाले साहब लेंगे शुक्रवार वाली सलामी

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में नए-नए आदेश जारी हो रहे हैं। इसका मकसद है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की पुलिसिंग को सुधारा जाएगा। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाया जाएगा और पुलिस का कार्य बेहतर ढंग से हो। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में शुक्रवार को लाइन में होने वाली परेड की सलामी अब उनके जोन वाले साहब लिया करेंगे। बीते शुक्रवार को सिटी वाले साहब ने अपने जोन के प्रभारियों की सलामी ली, तो परेड में भी उपस्थित रहे। बता दें कि पहले शुरूआती दिनों में पुलिस कमिश्नर द्वारा अलग-अलग जोन को बुलाया जा रहा था। तो वहीं अब सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जोन वाले साहब लाइन में सलामी और परेड वाला काम भी हर शुक्रवार को देखेंगे।



उधर सुनने में आया है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि नए कमिश्नर के आने के बाद से प्रत्येक जोन में शातिर अपराधियों के खिलाफ कड़ी मुहिम अपनाई जा रही है। उनको लेकर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत मुठभेड़ में दबोचा जा रहा है और पुलिस उनका इलाज भी कर रही है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस नई वाली मुहिम का मकसद अपराधियों में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद की वर्किंग को प्रदर्शित करने के साथ ही अपराध नियंत्रण को लेकर महत्वपूर्ण संदेश देना बताया जा रहा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आने के बाद से लगातार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में हर जोन में पुलिस हाफ एनकाउंटर कर रही है। वही अभी सिटी जोन में एक थाना बाकी है, तो देहात के कई थानों को अपना हाफ एनकाउंटर के मामले में खाता खोलना हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र जानकारी दिए रहे हैं कि जिस तरीके से अधिकारियों को जिम्मेदारी दी जा रही है ,उससे वर्किंग क्वालिटी में बहुत ज्यादा सुधार लाया जाएगा। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि अभी एसीपी वाली लिस्ट को लेकर भी थोड़ा सस्पेंनस बना हुआ है। वहीं सुनने में आ रहा है कि अभी थाना प्रभारियों की एक और लिस्ट आनी है, उसपर काम चल रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि भले पहली लिस्ट शॉर्ट थी पर दूसरी वाली लिस्ट लंबी आने की उम्मीद है।

# एसबी रिकाड्र्स अकादमी स्टूडियो एंड ऑडिटोरियम में 'हुनर की बात' कार्यक्रम आयोजित





गाजियाबाद, करंट क्राइम। प्रताप विहार स्थित एस बी रिकाड्र्स अकादमी स्टूडियो एंड ऑडिटोरियम में चतुर्थ ओपन माइक कार्यक्रम शीर्षक 'हुनर की बात' का आयोजन किया गया जिसमें रेप सिंगिंग, स्टैंडअप कॉमेडी, शायरी, स्टोरी टेलिंग आदि के लगभग 50 प्रतियोगियों ने भाग लिया। सभी ने अपनी अपनी प्रतिभा का बेहद खूबसूरत प्रदर्शन किया। मंच का संचालन कर रही दिल्ली रंगमंच की सुप्रसिद्ध एंकर शताक्षी बिस्ट ने कार्यक्रम में समा बांध दिया। आए हुए सभी प्रतियोगियों को एस बी रिकॉर्ड्स अकादमी की तरफ से प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। प्रतियोगियों को प्रोत्साहित करते हुए संस्था के अध्यक्ष गायक एवं संगीतकार संजय बग्गा ने कहा कि स्वर्गीय सेवाराम बग्गा अकादमी ऑफ म्यूजिक एंड आर्ट के तत्वावधान में सभी कलाकारों को समय-समय पर मंच प्रदान करने एवं उनमें छुपी प्रतिभा को आगे लाने के उद्देश्य से हमेशा कार्य करते रहेंगे। आमंत्रित गेस्ट ऑफ ऑनर डॉ. पीके वर्मा ने भी प्रतियोगियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। ज्ञात है कि एस बी रिकॉर्ड्स प्रत्येक माह विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। आगामी कुछ ही दिनों में एक बहुत बड़े ओटीटी प्लेटफार्म पर आने वाले टैलेंट हंट शो की घोषणा की जल्द ही राष्ट्रीय स्तर पर शो के ऑडिशन किए जाएंगे। अंत में स्टूडियो कोऑर्डिनेटर दुर्गा गुप्ता टेक्निकल हेड समर्पण बग्गा वीडियो डिपार्टमेंट हेड अरविंद कुमार म्यूजिक डिपार्टमेंट हेड ममता नीतू सिंह एवं स्वयं डायरेक्टर संजय बग्गा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# आतंकवाद के खिलाफ समस्त राजनीतिक दल एवं धर्मावलंबी एकजुट, यही है नया भारत







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद सैल्यूट तिरंगा राष्ट्रवादी संगठन द्वारा राष्ट्र के वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संगोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सच्चिदानंद पोखरियाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बृजपाल तेवतिया, राष्ट्रीय संयोजक स्वच्छ भारत अभियान श्री महंत डॉ० गिरिजानंदनी गिरी, राष्ट्रीय मंत्री सुनील कोठारी, शीला दुबे भारती, प्रिया बिष्ट, ममता झा एवं अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। संगोष्ठी के अंत में बृजपाल तेवतिया की स्वर्गवासी माताजी के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगोष्ठी में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 25 मई के दिन सैल्यूट तिरंगा संगठन के राष्ट्रीय कार्यालय दिल्ली में संगठन के आगामी कार्यक्रमों के सापेक्ष में राष्ट्रव्यापी मीटिंग आहूत की जाएगी।

# समाधान शक्ति सामाजिक संस्था ने किया 10-12वीं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित






गाजियाबाद, करंट क्राइम। महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में अग्रणी भूमिका निभा रही समाधान शक्ति सामाजिक संस्था द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 110 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंच का कुशल संचालन सुमन सती के द्वारा किया गया। महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। संस्था के अध्यक्ष लेखराज छावडी एवं सभी पदाधिकारी व सदस्य भी उपस्थित रहे। पप्पू पहलवान ने बताया कि समाधान शक्ति सामाजिक संस्था समय-समय पर सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरणीय एवं राष्ट्रसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यों में सहभागिता करती रही है। चाहे खेलकूद प्रतियोगिताएं हों, वृक्षारोपण, शहीदों व महिलाओं का सम्मान, या शिक्षा को बढ़ावा देने के कार्यक्रम, तिरंगा यात्रा, दिव्यांगों के लिए, राशन वितरण करना हो, कवि सम्मेलन आदि संस्था हर क्षेत्र में समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों, छात्रों एवं गणमान्य नागरिकों ने संस्था के इस प्रयास की सराहना की और संस्था की निरंतर प्रगति की कामना की। इस अवसर पर पार्षद राहुल शर्मा, डी एन कॉल, विनोद पांडे, भूषण लाल, भूपेंद्र गोस्वामी, शैलेन्द्र सक्सेना, निशा चौहान, अनीता राणा, आशा पवार, प्रियंका सोलंकी, रूपा मुखर्जी,समाधान शक्ति समाजिक संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## चर्चा



गाजियाबाद, करंट क्राइम। पिलखुवा नगर पालिका अध्यक्ष विभू बंसल ने अपने आवास पर आने वाली 20 तारीख को ऑपरेशंस सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य प्रदर्शन का वंदन अभिनंदन के लिए होने वाली तिरंगा यात्रा के विषय पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, अध्यक्ष वस्त्र व्यापारी संघ सचिन सिंघल, अध्यक्ष वैश्य अग्रवाल महासभा मनीष किसान,भाजपा मंडल महामंत्री सचिन पुंडीर, भाजपा निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नगर पालिका सभासद अंशुल मित्तल, अनिल अग्रवाल, अखिलेश मित्तल, अजीत चौधरी, दीपक राबिया, अमित टॉक, कैलाशी अश्विनी, अंकुर गहलोत, अश्वनी वाल्मीकि एवं सम्मानित लोगों के साथ कार्यक्रम की चर्चा कर रूपरेखा तैयार की।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में 2025 में अब तक करीब 300 आतंकी हमले, वजीरिस्तान में सबसे ज्यादा दहशत

**पेशावर ।** यह प्रांत पाकिस्तान के उन इलाकों में से है जो आतंकवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

आतंकवाद निरोधक विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, इन 284 घटनाओं में सबसे ज्यादा 53 हमले उत्तर वजीरिस्तान जिले में हुए हैं। इसके बाद बन्नू में 35 हमले, डेरा इस्माइल खान में 31 हमले, पेशावर में 13 हमले, कुर्रम जिले में 8 हमले हुए हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, साल 2025 में अब तक पूरे प्रांत में 148 आतंकवादी मारे गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 67 आतंकी डेरा इस्माइल खान में मारे गए, जो कि मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर का गृह जिला भी है। रिपोर्ट में यह भी कि आतंकवाद से जुड़े मामलों में 1,116 संदिग्धों के नाम सामने आए हैं, जिनमें से अब तक सिर्फ 95 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



साल 2023 में खैबर पख्तूनख्वा में कुल 732 हमले हुए थे। जबकि, 2022 में 651 हमले दर्ज किए गए थे। यह आंकड़े बताते हैं कि प्रांत में हमलों की संख्या लगातार बढ़ रही है और 2023 में यह 2009 और 2010 के बाद सबसे ज्यादा थी। खैबर पख्तूनख्वा की कानून-व्यवस्था 2021 के मध्य से खराब होने लगी थी और 2023 के बाद से हमलों में और तेजी आ गई है।

**पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में साल 2025 की शुरूआत से अब तक कुल 284 आतंकी हमले हो चुके हैं। यह जानकारी रविवार को सामने आई एक आधिकारिक रिपोर्ट में दी गई है**

### पुलिस मुख्यालय पर भी हमला हुआ था

जनवरी 2023 में पेशावर के पुलिस मुख्यालय की मस्जिद में आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें 86 से ज्यादा पुलिसकर्मी मारे गए और 200 से ज्यादा घायल हुए थे। यह हमला पुलिस बल पर अब तक का सबसे बड़ा हमला माना गया। हाल के वर्षों में आतंकवादियों ने सिर्फ पुलिस और सुरक्षा बलों को ही नहीं, बल्कि धार्मिक विद्वानों, राजनीतिज्ञों और अन्य प्रभावशाली लोगों को भी निशाना बनाया है।

# पाम स्प्रिंग्स में फर्टिलिटी क्लिनिक के पास कार विस्फोट, एक की मौत

**पामस्प्रिंग्स ।** अमेरिका के राज्य के पाम स्प्रिंग्स शहर में शनिवार को एक फर्टिलिटी क्लिनिक के बाहर जोरदार धमाका हुआ। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और क्लिनिक को गंभीर नुकसान पहुंचा। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने इसे 'जानबूझकर किया गया आतंकवादी कृत्य' बताया है।



एफबीआई लॉस एंजेलिस कार्यालय के प्रमुख अकील डेविस ने कहा कि क्लिनिक को जानबूझकर निशाना बनाया गया था, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि अधिकारी इस नतीजे तक कैसे पहुंचे। मृतक की पहचान अभी नहीं हुई है। डेविस ने यह नहीं बताया कि मृतक ही संदिग्ध था या नहीं। हालांकि उन्होंने कहा कि फिलहाल किसी और संदिग्ध की तलाश नहीं की जा रही है।

डेविस ने यह भी बताया कि इस धमाके में चार लोग घायल हुए हैं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्हें आई चोटें कितनी गंभीर हैं। अधिकारियों को इस बात की भी जांच करनी है कि क्या इस धमाके का कहीं सीधा प्रसारण (इंटरनेट पर लाइवस्ट्रीम) किया गया था। एफबीआई ने घटनास्थल पर बम विशेषज्ञ और अन्य जांचकर्ता भेजे हैं।

पाम स्प्रिंग्स पुलिस प्रमुख एंडी मिल्स ने बयान में कहा कि यह धमाका जानबूझकर किया गया कृत्य लग रहा है। कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है, जिनमें से कुछ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई हैं। मिल्स ने कहा, एक व्यक्ति की मौत हुई है, लेकिन उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

इस मामले से जुड़े दो अधिकारियों ने बताया कि धमाके को कार बम विस्फोट के रूप में देखा जा रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि शुरूआती जांच में ऐसा माना जा रहा है कि जो व्यक्ति मरा है।

# मैक्रों की उंगली पकड़े बैठे रहे एर्दोगन, तुर्किये के राष्ट्रपति की 'हैंडशेक पावर प्ले' पर मचा बवाल

**तिराना ।** अल्बानिया में आयोजित यूरोपियन पॉलिटिकल कम्युनिटी (ईपीसी) शिखर सम्मेलन के दौरान एक दिलचस्प और हैरान कर देने वाला नजारा देखने को मिला, जब तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की उंगली पकड़ कर बैठे रह गए। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इसे 'हैंडशेक पावर प्ले' यानी दबदबा दिखाने की कोशिश के तौर पर देख रहे हैं।





वीडियो में देखा गया कि राष्ट्रपति एर्दोगन पहले मैक्रों का हाथ पकड़कर हल्का थपथपाते हैं। तभी मैक्रों दूसरा हाथ बढ़ाकर उनका और गर्मजोशी से अभिवादन देने की कोशिश करते हैं। यहीं से मामला थोड़ा अजीब मोड़ ले लेता है। जब मैक्रों अपना हाथ वापस खींचने की कोशिश करते हैं, तब राष्ट्रपति एर्दोगन उनकी तर्जनी उंगली पकड़ लेते हैं और करीब 13 सेकंड तक उसे पकड़े रखते हैं। इस दौरान मैक्रों असहज भी नजर आते हैं लेकिन फिर भी बातचीत जारी रखते हैं।

**सोशल मीडिया पर चचाएं तेज** : इस वीडियो के वायरल होते ही ट्विटर, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लोग जमकर कमेंट कर रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि यह एर्दोगन का एक 'सॉफ्ट पावर प्ले' था झ्र यानी बिना कुछ बोले दबदबा जताने का तरीका। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि एर्दोगन का यह इशारा शायद मनोवैज्ञानिक बढ़त दिखाने की कोशिश थी।

तुर्किये की एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मैक्रों ने पहले एर्दोगन के कंधे पर हाथ रखकर दबदबा दिखाने की कोशिश की, जो एर्दोगन को पसंद नहीं आया। जवाब में, उन्होंने मैक्रों की उंगली पकड़कर उन्हें संकेत दिया कि वो ये हावी होने का प्रयास स्वीकार नहीं करेंगे। तुर्किये मीडिया ने लिखा, 'मैक्रों ने जब एर्दोगन के कंधे पर हाथ रखा, तो उन्होंने उंगली पकड़ ली और छोड़ने से मना कर दिया।

# मैक्सिकन नौसेना का पोत न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन ब्रिज से टकराया, 200 से अधिक लोग थे सवार, दो की मौत

**न्यूयॉर्क ।** 200 से अधिक लोगों को लेकर जा रहा मैक्सिकन नौसेना का प्रशिक्षण पोत न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन ब्रिज से टकरा गया है। हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर है। जहाज कुआउटेमोक एक खास समारोह के लिए न्यूयॉर्क आया था। एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें देखा सकता है कि शनिवार शाम को जब जहाज इस पुल के नीचे से गुजरने वाला था, तब जहाज में एक ऊंचा खंबा (मस्तूल) पुल से टकरा गया। टक्कर के बाद जहाज के मस्तूल के कुछ हिस्से टूटकर गिर गए। टक्कर के बाद पुल पर भारी जाम की स्थिति बन गई। मैक्सिको की नौसेना ने भी जहाज के क्षतिग्रस्त होने की पुष्टि की है। घटना की जांच की जा रही है।



आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई न्यूयॉर्क फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, अधिकारियों ने करीब 20 लोगों के घायल होने की बात कही है, लेकिन इस बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। जानकारी के मुताबिक, जहाज र एक विशाल हरा, सफेद और लाल मैक्सिकन झंडा लहरा रहा था। टक्कर के बाद यह नदी के किनारे की ओर बहता चला गया। आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। वे किनारे से दूर भागते नजर आए। दो लोगों को स्ट्रेचर पर जहाज से उतारकर छोटी नावों पर जाते देखा सिडनी नीडेल और लिली कैट्ज ने बताया कि वे सूर्यास्त देखने के लिए बाहर बैठे थे, जब उन्होंने जहाज को पुल से टकराते और उसका एक मस्तूल टूटते हुए देखा। करीब से देखने पर उन्होंने पाया कि जहाज पर कोई व्यक्ति ऊपर से लटक रहा था। उन्होंने दो लोगों को स्ट्रेचर पर जहाज से उतारकर छोटी नावों पर जाते देखा

ब्रुकलिन ब्रिज के बारे में जानिए ब्रुकलिन ब्रिज 1883 में लोगों के लिए खोला गया था। इसकी लंबाई करीब 1600 फुट (490-मीटर) है। यह दो टावरों पर टिका हुआ है। शहर के परिवहन विभाग के अनुसार, हर दिन 100000 से अधिक वाहन और अनुमानित 32000 पैदल यात्री इसे पार करते हैं। इसका पैदल मार्ग एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण है।

# युद्ध शुरू होने के बाद से रूस का यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला, एक महिला की मौत, तीन घायल

**कीव ।** साल 2022 में पूर्ण पैमाने पर युद्ध शुरू होने के बाद से रूस ने रविवार को यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया। यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि रूस ने कुल 273 ड्रोन से हमला किया, जिनमें विस्फोटक और धोखा देने वाले ड्रोन शामिल थे। इनमें से 88 इंटरसेप्ट किया गया और 128 को नष्ट किया गया। इन ड्रोन से यूक्रेन के कीव, निप्रोपेट्रोस्क और डोनेत्स्क क्षेत्रों को निशाना बनाया गया था।



यूक्रेनी वायु सेना के आंकड़ों के मुताबिक, रूस की ओर से युद्ध छेड़े जाने के बाद से यह यूक्रेन पर किया गया अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला था। हालांकि, यूक्रेनी अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। इस बार रूस ने यूक्रेन पर जितने ड्रोन छोड़े, वह अब तक के सबसे बड़े हमले से भी ज्यादा हैं। इससे पहले सबसे बड़ा हमला तब हुआ था जब रूस ने युद्ध के तीन साल पूरे होने से एक दिन पहले 267 ड्रोन छोड़े थे।

कीव क्षेत्र के गवर्नर माईकोला कालयस्निक ने कहा कि उनके क्षेत्र में एक महिला (28 वर्षीय) की मौत हो गई और तीन अन्य लोग घायल हो गए, जिनमें एक चार साल बच्चा भी शामिल है। इस बीच, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने रविवार की रात सात और रविवार की सुबह 14 अन्य यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया।

ये हमले उस समय हुए, जब शुक्रवार को मॉस्को और कीव के बीच वर्षों में पहली सीधी वार्ता में युद्धविराम पर कोई सहमति नहीं बन पाई। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने यूक्रेनी समकक्ष वोलोदिमीर जेलेंस्की के तुर्किये में आमने-सामने मुलाकात की पेशकश ठुकरा दिया, जबकि उन्होंने 30 दिन के युद्ध विराम के बजाय सीधे बातचीत के विकल्प का प्रस्ताव किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह सोमवार को पुतिन से फोन पर बात करने की योजना बना रहे हैं, उसके बाद वे जेलेंस्की और नाटो देशों के नेताओं से भी बात करेंगे, ताकि युद्ध खत्म करने पर चर्चा की जा सके।

# ब्राजील: गडकरी बोले- भारत में जैव ईंधन हरित हाइड्रोजन, स्वच्छ ऊर्जा में मौके

**ब्राजील ।** केंद्रीय सड़क परिवहन-राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ब्राजील के साओ पाउलो में प्रवासी भारतीयों को वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते कद की जानकारी दी।



उन्होंने कहा, भारत का यह स्वरूप मजबूत आर्थिक विकास, तेजी से बुनियादी ढांचे के विकास और मजबूत होती अंतरराष्ट्रीय साझेदारी से भरा हुआ है।

उन्होंने भारत में जैव ईंधन, हरित हाइड्रोजन, स्वच्छ ऊर्जा, फ्लेक्स-फ्यूल मोबिलिटी में व्यापक निवेश पर जोर दिया। भारत को अवसरों की भूमि कहते हुए, गडकरी ने वैश्विक भारतीय प्रवासियों को एक स्थायी और समृद्ध भविष्य के निर्माण में खोज, निवेश और भागीदारी के लिए भारत आमंत्रित किया। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रगति पर जोर देते हुए नितिन गडकरी ने पीएम गतिशक्ति, राष्ट्रीय रसद नीति, भारतमाला और सागरमाला जैसी प्रमुख पहलों पर प्रकाश डाला। वह होसे, ये ऐसे कार्यक्रम हैं जो एक एकीकृत और भविष्य के लिए तैयार परिवहन पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। ये न सिर्फ समावेशी विकास को बढ़ावा देते हैं बल्किर क्षेत्रीय संपर्क को भी मजबूत करते हैं।

# ब्राजील में बर्ड फ्लू का प्रकोप, मैक्सिको चिली और उरुग्वे ने पोल्ट्री आयात रोका

**साओ पाउलो ।** ब्राजील में बर्ड फ्लू (पक्षियों में फैलने वाला एक संक्रामक रोग) के पहले बड़े मामले सामने आने के बाद कई देशों ने वहां से मुर्गी और अंडे जैसी पोल्ट्री वस्तुओं के आयात पर रोक लगा दी है। इनमें मैक्सिको, चिली और उरुग्वे जैसे लैटिन अमेरिकी देश शामिल हैं। इससे पहले चीन और यूरोपीय संघ (ईयू) ने भी ब्राजील से पोल्ट्री आयात को रोक दिया था।



ब्राजील के कृषि और पशुपालन मंत्रालय ने शुक्रवार को जानकारी दी कि दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में एक वाणिज्यिक पोल्ट्री फार्म (जहां व्यापार के लिए मुर्गियां पाली जाती हैं) में बर्ड फ्लू के मामले की पुष्टि हुई है। यह पहला मौका है जब ब्राजील के किसी व्यावसायिक फार्म में बर्ड फ्लू मिला है। पहले केवल जंगली पक्षियों में इसके केस सामने आते थे।

मैक्सिको ने अपने बयान में कहा कि एहतियात के तौर पर ब्राजील से चिकन मीट, अंडे देने वाले अंडे, जिंदा मुर्गियां और अन्य पोल्ट्री उत्पादों के आयात पर अस्थायी रोक लगाई जा रही है। वहीं ब्राजील के कृषि मंत्रालय के अधिकारी लुइस रुआ ने बताया कि चिली और उरुग्वे ने भी पोल्ट्री आयात रोकने का फैसला लिया है।

पिछले कुछ महीनों में अमेरिका में बर्ड फ्लू के कारण अंडों की भारी कमी हो गई थी। इसके कारण ब्राजील से अमेरिका को अंडों का निर्यात 1,000% से अधिक बढ़ गया है।

# गाजा में कहर बरसा रहा इस्राइल, स्थानीय स्वास्थ्य विभाग का दावा- हमले में 103 लोगों की मौत

**दीर अल-बलाह ।** हालांकि, इस्राइली सेना ने इस पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है।

**दक्षिणी गाजा में 20, उत्तरी गाजा में 30 लोग मारे गए** : इस मामले में दक्षिणी गाजा शहर खान यूनिस के नासिर अस्पताल ने कहा कि उसे 20 लोगों के शव मिले हैं, जो मुवासी क्षेत्र में विस्थापित परिवारों के घरों और टेंटों पर रात भर हुए कई हवाई हमलों में मारे गए थे। स्वास्थ्य मंत्रालय और नागरिक सुरक्षा के प्रथम प्रतिक्रियाकताओं के अनुसार, उत्तरी गाजा में कई हमलों में कम से कम 36 लोग मारे गए। स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवाओं के अनुसार, मृतकों में एक ही परिवार के नौ लोग शामिल हैं, जो निर्मित जबालिया शरणार्थी शिविर में उनके घर पर हवाई हमले में मारे गए।



**जबालिया में सात बच्चों समेत 10 लोग मारे गए:** हमास की तरफ से संचालित सरकार के तहत काम करने वाले नागरिक सुरक्षा के अनुसार, जबालिया में ही बेरावी परिवार के घर पर एक और हमला हुआ, जिसमें सात बच्चों और एक महिला सहित 10 लोग मारे गए। मृतकों में दो माता-पिता और उनके तीन बच्चे और एक पिता और उसके चार बच्चे शामिल हैं।

**दीर अल-बलाह शहर में हुए हमले में 20 से ज्यादा मौतें** : मध्य गाजा में, दीर अल-बलाह शहर में अल-अक्सा शहीद अस्पताल के अनुसार, दो अलग-अलग हमलों में कम से कम 10 लोग मारे गए। ज्वेदा शहर में एक हमले में दो बच्चों और चार महिलाओं समेत सात लोगों की मौत हो गई। अस्पताल ने बताया कि दूसरा हमला दीर अल-बलाह में एक अपार्टमेंट पर हुआ, जिसमें दो माता-पिता और उनके बच्चे की मौत हो गई।

**इस्राइल ने इस क्षेत्र में अपने युद्ध को और तेज कर दिया है। उसका कहना है कि इसका उद्देश्य हमास पर अस्थायी युद्ध विराम के लिए दबाव बढ़ाना है। वहीं स्थानीय अस्पतालों और चिकित्सकों के मुताबिक, गाजा पट्टी में ताजा इस्राइली हमलों में रात भर और रविवार तक कम से कम 103 लोग मारे गए है**

# ब्रिटिश पर्वतारोही ने 19वीं बार एवरेस्ट पर चढ़ाई की, सर्वाधिक चढ़ाई का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा

**काठमांडू ।** ब्रिटिश पर्वतारोही गाइड ने रविवार को 19वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की और गैर-शेरपा गाइड की तरफ से दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत पर सबसे अधिक चढ़ाई करने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है। बता दें कि, दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड के 51 वर्षीय केंटन कूल ने रविवार को कई अन्य पर्वतारोहियों के साथ 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर चढ़ाई की। हिमालयन गाइड्स नेपाल के ईश्वरी पौडेल की तरफ से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, उनका स्वास्थ्य अच्छा है और वे शिखर से नीचे उतर रहे हैं।



### 2004 से लगातार एवरेस्ट फतह कर रहे केंटन कूल

केंटन कूल ने पहली बार 2004 में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी और तब से वे लगभग हर साल ऐसा करते आ रहे हैं। वह 2014 में एवरेस्ट पर चढ़ने में असमर्थ रहे थे क्योंकि उस साल 16 शेरपा गाइडों के हिमस्खलन में मारे जाने के बाद सीजन में चढ़ाई को रद्द कर दिया गया था। वहीं साल 2015 में जब भूकंप के कारण हिमस्खलन हुआ जिसमें 19 लोग मारे गए थे। जबकि कोरोनावायरस महामारी के कारण 2020 का चढ़ाई सत्र को भी रद्द कर दिया गया था।

**नेपाली शेरपा गाइड ने 30 बार की एवरेस्ट पर फतह** : केवल नेपाली शेरपा गाइड ने ब्रिटिश पर्वतारोही गाइड केंटन कूल से अधिक बार चोटी पर चढ़ाई की है। नेपाली शेरपा गाइड कामी रीता ने माउंट एवरेस्ट पर सबसे अधिक 30 बार चढ़ाई की है, जो वर्तमान में भी पहाड़ पर हैं और अगले कुछ दिनों में चढ़ाई करने की उम्मीद है।

# 30 मई को मनाई जाएगी देवी अहिल्याबाई होलकर जयंती 300 वर्ष पूर्ण होने पर होगा बड़ा कार्यक्रम

गाजियाबाद, करंट क्राइम। देवी अहिल्याबाई होलकर ने जन्मदिवस के 300 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार द्वारा सभी शहरों में उनके द्वारा किये गए कार्य एवं योगदान को समाज के बीच ले जाने और सम्मान सहित श्रद्धांजलि के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें गाजियाबाद शहर में भी 30 मई 2025 को महापौर सुनीता दयाल द्वारा यह कार्यक्रम किया जाएगा जिसके लिए महापौर सुनीता दयाल ने अपने कार्यालय में समाज के वरिष्ठ लोगो के साथ बैठक कर रूप रेखा तैयार की है और कार्यक्रम स्थल का चयन अभी किया जाएगा।

उपरोक्त कार्यक्रम में नगर निगम से सभी पार्षद भी शामिल होंगे और पाल समाज के साथ अन्य समाज के लोग भी उपस्थित रहेंगे जिससे हर समाज के व्यक्ति को देवी अहिल्याबाई के परिश्रम और योगदान के विषय मे रू-ब-रू किया जा सके।

## महापौर सुनीता दयाल ने पाल समाज के लोगों के साथ शुरू की बैठक





### महापौर के साथ सभी पार्षद भी रहेंगे कार्यक्रम में शामिल

करंट क्राइम। कार्यक्रम महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में होगा, संयोजक के रूप में पार्षद विरेन्द्र त्यागी कार्यक्रम को अंजाम देंगे और सभी पार्षद भी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके साथ पार्टी के किसी बड़े नेता को भी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भेजा जाएगा और पाल समाज सहित सभी समाज के लगभग 5000 लोगो को कार्यक्रम का हिस्सा बनने की तैयारी की जा रही है। इसके साथ साथ शहर के जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ जन भी रहेंगे।

### अहिल्याबाई ने देश मे मंदिरों को बचाकर किया जीर्णोद्धार

करंट क्राइम। महापौर सुनीता दयाल की अगुवाई में देवी अहिल्याबाई होलकर का बहुत आनंदित कार्यक्रम किया जाएगा जिससे समाज में उनके प्रति और अधिक श्रद्धा बढ़ेगी। महापौर स्वयं भी देवी अहिल्याबाई के चरित्र पर प्रकाश डालेंगी और बताएंगी की किस प्रकार मुगल शासन में हिंदुत्व को बचाते हुए भगवान शिव के मंदिरों को बचाने का कार्य कर उनका जीर्णोद्धार किया।

### देवी अहिल्याबाई के योगदान की गाथा सुनेगा पूरा शहर

करंट क्राइम। किस प्रकार महिलाओं को पढ़ाई और काम करने का अधिकार दिलाने में भूमिका निभाई है, महारानी होकर भी जमीन पर सोती थी और हमेशा अपने हाथों में शिवलिंग लेकर चलने वही पहली महिला थी। लोग जब अत्याचारों से घिर गए तब अहिल्याबाई जी ने लोगो की मदद की इसलिए लोगों को वह देवी के रूप में दिखीं तब से लोग देवी अहिल्याबाई पुकारने लगे। बैठक के दौरान पार्षद विरेन्द्र त्यागी, पूर्व पार्षद राकेश पंडित, बबली त्यागी, पीताम्बर पाल, पूर्व पार्षद बबलू यादव, कमल पाल, आदित्य राय पाल, रामपाल, बी एस पाल, आर सी पाल, राजेंश पाल, कमल पाल, महेन्द्र पाल, अशोक पाल, राजकुमार पाल, सुंदर पाल, धारा सिंह पाल, हुकुम सिंह पाल, के सी पाल, सोहन सिंह पाल, कृष्ण दत्त पाल, सौरभ पाल आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में शिक्षकों की भूमिका अतुलनीय : डॉ. अनिल अग्रवाल

## एचआरआईटी विश्वविद्यालय में एडीएम सिटी गंभीर सिंह ने प्रतिष्ठित शिक्षकों को किया सम्मानित







गाजियाबाद, करंट क्राइम। एचआरआईटी विश्वविद्यालय ने बड़े उत्साह और गरिमा के साथ शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस विशेष कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट शिक्षकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कुलपति प्रो. डॉ. डी.के. शर्मा ने अपने संबोधन में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। जिला शिक्षा अधिकारी गंभीर सिंह ने कार्यक्रम में शिक्षा प्रणाली की प्रगति और शिक्षकों की जिम्मेदारियों पर विचार साझा किए। इस अवसर पर कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल ने शिक्षकों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में शिक्षकों की भूमिका अतुलनीय है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रतिष्ठित शिक्षकों का सम्मान था, जिसमें विभिन्न संकायों के शिक्षकों को उनकी निष्ठा, योगदान और उत्कृष्ट शिक्षण पद्धतियों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह का समापन प्रो-कुलाधिपति डॉ. अंजुल अग्रवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम के पश्चात सहभोज का आयोजन किया गया।

## तिरंगा यात्रा जनता के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने का षडयंत्र : वीरेन्द्र यादव एडवोकेट

गाजियाबाद, करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट गाजियाबाद ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा तिरंगा यात्रा निकालना भारतीय सेना के शौर्य के नाम पर, देश और देश के 144 करोड़ जनता को भ्रमित करना है, भाजपा का उद्देश्य इस देश के सामने मुंह बाये खड़े ज्वलंत मुद्दों, बेतहाशा बढ़ती महंगाई, अभी-अभी 50 रुपये प्रति घरेलू सिलेंडर के दाम बढ़ना, बेरोजगारी, नवजवानों की कुंठा, भ्रष्टाचार, अन्याय, अनाचार और केन्द्र सरकार की हर मोर्चे पर विफलता से ध्यान भटकाने के लिए निकाली जा रही है, तिरंगा यात्रा सोची, समझी साजिश है।

पहलगाम में 26 निर्दोष पर्यटकों की हृदय विदारक हत्या से माताओं, बहनों और बच्चों को अपार पीड़ा और दर्द देने वाले दोषियों को जो चिन्हित आतंकी है, उनके विरुद्ध कोई भी कार्यवाही सफल न होना, आतंकियों की गोली से भून दिये गये भाइयों की निर्मम हत्या हो जाने पर भी उन्हें शहीद घोषित न करना बेहद शर्मनाक है, हमें भारतीय सेना के शौर्य पर गर्व है। यह लोग केवल सरकार की नाकामी को छिपाने और राजनीतिक लाभ लेने के लिए आतंकियों द्वारा जान गंवाने वाले लोगों के नाम राजनीति कर रहे हैं, उनके प्रति इनके मन में कोई सहानुभूति नहीं है। यह बेशर्मी को



दर्शाता है। तिरंगा यात्रा में जनता का शामिल न होना यात्रा की विफलता की कहानी बयान कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने अब तक कोई भी प्रेरणादायक कार्य नहीं किया जिसे इनकी उपलब्धि कहा जाय। जाति-धर्म में देश को लड़ाना इनकी उपलब्धि, नोटबंदी, जी0एस0टी0, बेकारी, बेरोजगारी, मंहगाई, भ्रष्टाचार इनकी विफलता की कहानी कह रहे हैं, दूसरे देश की मध्यस्थता हमारी संप्रभुता पर सवालिया निशान है, और भ्रष्टाचार से जनता बेहाल है। तिरंगा यात्रा असली मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने का षड्यंत्र।

## इंदिरापुरम में बढ़े हुए हाउस टैक्स से लोग परेशान, जता रहे विरोध

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। इंदिरापुरम की जयपुरिया सनराइज ग्रीन्स सोसायटी में कई सोसायटी के लोगों में बढ़े हुए हाउस टैक्स के विरोध में रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। डॉ. तरुण ने लोगों को सेवाओं में सुधार के बिना वृद्धि के पीछे के तर्क पर सवाल उठाया। उन्होंने नगर निगम द्वारा दरवाजे-दरवाजे कूड़ा कलेक्शन की अनुपस्थिति को उजागर किया। जब कि एओए सीवरेज सफाई के लिए भुगतान करता है। इंदिरापुरम सोसाइटीज कोलैबोरेशन के दो सदस्य, अरुण राय शिप्रा विस्ता से और रोहित गुप्ता शिप्रा नियो, रोहित गुप्ता ने पानी कर और सीवर कर पर सवाल उठाया। जब नियो सोसायटी को गंगा जल नहीं मिलता और नगर निगम द्वारा कूड़ा कलेक्शन नियो को नहीं मिलती है।और नियो एओए नियो सीवरेज सफाई और गुड्ड कलेक्शन और डिस्पोजल के लिए भुगतान करता है। लोगों का कहना है कि बहुमंजिला सोसायटियों के बाहर की सड़कें खराब हैं। कूड़ा उठता नहीं है, स्ट्रीट लाइट खराब होने से लोगों को अंधेरे से गुजरना पड़ता है, लेकिन निगम टैक्स पर टैक्स ले रहा है और सुविधाएं कुछ नहीं दे रहा है। और तो और इस बार हाउस टैक्स कई आ रहा है, बिना बताए टैक्स बढ़ा दिया। लोगों की जेब पर यह अतिरिक्त भार है, आप टैक्स लीजिए तो सुविधाएं तो दीजिए। यह सरासर नाइंसाफी है। लोग विरोध कर रहे हैं, पर जुर्माने के डर से जमा भी कर रहे हैं। लोगों ने कहा बड़े हुए टैक्स पर एक बार नगर निगम का विचार करना चाहिए।



## गृहकर में तीन गुना वृद्धि पर पुन: विचार करे नगर निगम : तेजेन्द्र पाल त्यागी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। रविवार को कोरवा यूपी के शीर्ष पदाधिकारियों की एक ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम द्वारा गृह कर में तीन गुना वृद्धि किये जाने को लेकर विरोध जाहिर किया गया।

कोरवा यूपी की ऑनलाइन बैठक में मुख्य संरक्षक कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी ने कहा कि नगर निगम द्वारा प्रत्येक दो वर्ष के बाद दस प्रतिशत की वृद्धि होती रही है। अब अचानक गृहकर में करीब तीन गुना वृद्धि बिलकुल स्वीकार्य नहीं है। कोरवा-यूपी के अध्यक्ष डॉ. पवन कौशिक ने बताया कि उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद नगर निगम में करों की दर सबसे ज्यादा चार रुपये प्रति वर्ग फुट है, जबकि अन्य शहरो में ढाई रुपए से




भी कम है। उन्होंने कहा कि नियमानुसार पूर्व करों में वृद्धि दुगने से अधिक नहीं हो सकती। बैठक में विशेष अतिथि के रूप में मौजूद गाजियाबाद नगर निगम के पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने बताया कि नगर निगम द्वारा डीएम सर्किल रेट आधारित गृह कर में वृद्धि नगर निगम नियमों का घोर उल्लंघन है। उन्होंने बाकायदा नियमों की संख्या, नगर निगम की बैठकों का विवरण और उत्तर प्रदेश शासन के आदेशों का मनमाने तरीके से लागू करने का उल्लेख करते हुये नगर निगम के गृह कर वृद्धि के आदेश को वापस लेने की मांग का समर्थन किया।

महासचिव जय दीक्षित और प्रशासनिक कैलाश चंद्र शर्मा ने भी अपना रोष प्रकट किया। इस ऑनलाइन बैठक में डॉ. पवन कौशिक, जय दीक्षित, कैलाश चंद्र शर्मा, डॉ. आर के आर्या, पी एस सिंह, आलोक सिंह, एड. अंशु त्यागी, मुलेन्द्र शर्मा, विनोद जिंदल, डॉ मधु सिंह, नेम पाल चौधरी, राज कुमार त्यागी, गौरव बंसल, राजेन्द्र त्यागी आदि मौजूद रहे।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।








- क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस तरह भगवा कमांडर संजीव शर्मा कर रहे हैं जनता के काम? कार्यकताओं के घर पहुंच कर दे रहे हैं वो रोज अपने तन के पैगाम? कहने वाले ने कहा सुबह करते हैं घर पर जनसुनवाई और उसके बाद शुरू हो जाते हैं उनके जनसम्पर्क के प्रोग्राम? कहने वाले ने कहा अगर उनकी यूं ही स्पीड बनी रही, तो हमें लग रहा है कहीं आ ना जाये उनका सबसे एक्टिव जनप्रतिनिधि के तौर पर वर्ल्ड बुक में नाम? कहने वाले ने कहा हम तो ये सोच रहे हैं आखिर हमारे माननीय जी कब करते होंगे आराम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि इसमें कोई शक नहीं कि कमांडर के दोस्त पहलवान हर प्रोग्राम में मेहनत करते हैं खास? कार्यक्रमों को सफल कराने का उनका पुराना है इतिहास? कहने वाले ने कहा हाल ही में उन्होंने सफल तिरंगा यात्रा का भी सम्पन्न किया है प्रोग्राम? हमारी अब इस बात पर नजर है कि आज वो दोस्त की तिरंगा यात्रा पर देंगे ध्यान? क्या नदिया के उस पार से इस आकर वो करेंगे दोस्त की फिक्र? यूं ही मैं इस बात को नहीं कह रहा था? कहीं बैठा था वहां हो रहा था कुछ शहर सीट से पहलवान की दूरियों का जिक्र?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा जनप्रतिनिधि के पास जब भी कोई जाता है अपनी मन की ले के अरदास? सुना है वो इस अरदास को दिल और दिमाग दोनों तरीके से सॉल्व करते हैं? हिसाब लगाते हैं कहां दिल लगाना है और कहां दिमाग? पता चला है एक ओबीसी चेहरा गया था उनके पास? पूछा था क्या मैं भगवा योद्धा के पास लगा दूं कुछ मिलने की अरदास? सामने से जनप्रतिनिधि ने कहा कि हमें नहीं है तुम्हारे वहां पर जाने से कोई परेशानी? अगर कुछ ना मिले तो फिर वापस लौट कर हमारे पास मत आना? खत्म समझना हमारी किताब से तुम्हारी कहानी?
- क्यों कहा कहने वाले ने किभगवा डांसिंग जैक से उस वक्त भगवा योद्धा हो गये नाराज? जब उनको पता चला जिस मीटिंग की जिम्मेदारी डांसिंग जैक को दी थी? उस जिमेदारी को उन्होंने आगे ट्रांसफर कर दिया था साहब? जब मीटिंग में संभावित चेहरे नहीं आये नजर? तब इस बात का हुआ कहीं जिक्र? सुना है भगवा योद्धा ने डांसिंग जैक को कर दिया स्पष्ट? कहा जब आपको मिले जिम्मेदारी तो उसी पूरी शिद्दत से निभाओ? नहीं तो होता है हमको कष्ट?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के एक भगवा कमिश्नर हो गये हैं इस वक्त बहुत ज्यादा परेशान? सुना है उनके ये दर्द भरे शब्द तब निकले? जब चल रहा था उनके एरिया में पार्टी का प्रोग्राम? वो अपनी बातों से दे रहे थे तरह-तरह के अर्थ? कह रहे थे पार्टी इतना काम करा रही है, हमारा तो काम-धंधा ही हो गया है व्यर्थ? कब संभालेंगे हम अपनी व्यवसायिक जिम्मेदारी? अगर पार्टी इसी तरह कार्यक्रम पे कार्यक्रम करती रही जारी?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नादिया पार की भगवा कमिश्नर इन दिनों हैं बहुत ज्यादा हैरान? उनकी टीम के कुछ सदस्य कर रहे थे इस बात की चर्चा? कह रहे थे मैडम की टीम में वो चेहरे आने का कर रहे हैं प्रयास? जो उनके कहने पर नहीं कर रहे है काम? क्षेत्र से लेकर प्रदेश वालों की वो मैडम की टीम में आने को लेकर लगा रहे हैं सोर्स? कहने वाले ने कहा क्या करायेंगी मैडम ऐसे चेहरों से काम? जो दूसरों के कहने पर बनी हों फोर्स?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ में इस वक्त तेजी से घूम रहा है ओबीसी कार्यकर्ता को ओबीसी नेता द्वारा हाथ झटक कर दूर धकेलने का किस्सा? सुना है उनकी ये वीडियो बन गई है इस वक्त कई फोन में हिस्सा? कहने वाले कह रहे हैं हम खुद अपने ओबीसी नेता के इस व्यवहार को देखकर हो रहे हैं हैरान? हमने कभी उनको इतने गुस्से में नहीं देखा? पता नहीं क्यों दिया उन्होंने इस तरह की कार्यवाही को अंजाम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि सुना है आजकल भगवागढ़ में हो रही है मीटिंगें तमाम? महत्वपूर्ण मीटिंग में डेढ़ घंटा पहले ही तमाम चेहरों को बुला लिया जाता है श्रीमान? हमें पता चला है ऐसी ही एक मीटिंग में पहुंचकर बाऊजी और कई भगवाधारी हो गये नाराज? कहने लगे हम तो मीटिंग शुरू होने से 15 मिनट पहले ही आ जायेंगे? पता नहीं क्यों डेढ घंटे पहले हमें बुलाया जा रहा है साहब? हम चाहते हैं कि बुलाने वाले रखें थोड़े हमारे समय का भी ध्यान? आखिर हमारी कुछ पारिवारिक और समाजिक जिम्मेदारियां भी हैं? जिस पर करना होता है हमको काम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस वक्त भगवा युवा और होटल वाले के बीच में सैंकड़ों वाली रकम को लेकर हो रहा था विवाद? कहने वाले ने कहा ये रायता इतना नहीं फैलता? अगर उस वक्त होटल के सामने से एक गाड़ी नहीं गुजरी होती साहब? कहने वाले ने कहा इस गाड़ी में एक ताकतवर चेहरे के समर्थक थे सवार? उनको हो गये इस पूरी झगड़े वाली कार्यवाही के दीदार? बस फिर क्या था जंगल में आग की तरह फैल गई बात? ये तो शुक्र है भगवा योद्धा बीच में आ गये? नहीं तो और भी रायता फैल जाता साहब?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि गागर में सागर भरने वाले मिस्टर नागर को भरे मंच से भगवा योद्धा ने अहिल्या जी की संगोष्ठी वाला सौंपा है प्रोग्राम? दे दिया है उन्होंने मिस्टर नागर को लेकर मंच से मजबूत पैगाम? कहने वाले ने कहा संगोष्ठी को बहुत ही महत्वपूर्ण बताया जा रहा है श्रीमान? देखना अब ये है कि मिस्टर नागर भगवा योद्धा की महत्वाकाक्षांओं को कितना देंगे अंदाज? वैसे भी योद्धा का भीड़ जुटाने में नहीं है कोई तोड़? देखना अब ये है मिस्टर नागर संगोष्ठी के बहाने उनकी हसरतों को देते है किस तरह का मोड़?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोनी के रहने वाले सिपाही अंकित तोमर ने नदी में डूब रही महिला को बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। इस प्रयास में सिपाही अंकित तोमर ने अपने प्राणों की कुबार्नी दे दी। विवेक तोमर ने अपने प्राणों की आहुति एक महिला के प्राण बचाने के लिए देने वाले जांबाज सिपाही शहीद अंकित तोमर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।